# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शनिवार 20 अप्रैल 2024

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]








जलने के बाद
पुन :निर्माण सर्जरी
(रिकंस्ट्रक्शन)



कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फोन : 9827143060/8871003060


# मंडी शुल्क फिर दो प्रतिशत, राज्य से निर्यात बढ़ने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय लागू किए गए 5 प्रतिशत मंडी शुल्क को घटाकर दो प्रतिशत कर दिया गया है। जानकारों का कहना है कि सरकार के इस फैसले से छत्तीसगढ़ से धान एवं चावल का निर्यात बढ़ने की संभावना है। पिछली कांग्रेस सरकार ने जब मंडी शुल्क बढ़ाया था, तब उसका विरोध सामने आया था। राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद पूर्ववर्ती सरकार के निर्णय को बदला गया।

कृषि एवं किसान कल्याण एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि पूर्व में जारी आदेश को अधिक्रमित करते राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित कृषि उपज चाहे वह राज्य के भीतर से या राज्य के बहर से किसी मंडी क्षेत्र में लाई गई हो तथा विनिर्माण में उपयोग में लाए जाने के पश्चात उपज के प्रसंस्करण, विनिर्माण के विक्रय किए जाने पर कीमत के प्रत्येक 100 रुपए पर 15 रु. की दर से मंडी शुल्क और 05 रु. की दर से कृषक कल्याण शुल्क तथा शेष अधिसूचित कृषि उपजों (धान को छोड़कर) पर एक रु. की दर से मड़ी शुल्क और 05 रुपए की दर से कृषक कल्यणा शुल्क नियत किया जाता है।

## इस फैसले से छत्तीसगढ़ से धान एवं चावल का निर्यात बढ़ने की संभावना

### 2021 से हुआ था लागू, विरोध भी था

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा 2021 से मंडी शुल्क बढ़ाया गया था। किसानों ने इसका विरोध शुरू कर दिया है। धमतरी की कुरुद मंडी में किसानों ने ताला जड़ दिया। साथ ही मंडी शुल्क में की गई वृद्धि वापस लेने के लिए मंडी सचिव को ज्ञापन में सौंपा। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा मंडी शुल्क बढ़ाए जाने के दौरान कहा गया था कि राज्य की मंडियों में राज्य या राज्य के बाहर से आने वाले सभी उत्पादों पर यह शुल्क लागू होगा। यह शुल्क किसानों से नहीं, बल्कि व्यापारियों पर लागू होगा। वहीं किसानों की शिकायत है कि व्यापारी मंडी शुल्क किसानों से ही वसूलते हैं, इसलिए इसका सीधा असर उनकी आय पर पड़ेगा।




### अशासकीय संकल्प लाया गया था

छत्तीसगढ़ विधानसभा में मंडी शुल्क को वापस दो प्रतिशत करने का अशासकीय संकल्प पारित किया गया था। इस संकल्प के माध्यम से पूर्ववर्ती सरकार द्वारा लगाए जा रहे कृषक कल्याण शुल्क को खत्म कर दिया गया। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने ये संकल्प पटल पर रखा था, जिस पर विस्तृत चर्चा के बाद सदन की सहमति मिली। भाजपा सरकार में लागू 2 प्रतिशत मंडी शुल्क को बढ़ाकर 30 नवंबर 2021 से धान पर 3 प्रतिशत मंडी शुल्क एवं 2 प्रतिशत कृषक कल्याण कोष शुल्क लागू किया गया था। पहले इसे 5 प्रतिशत फिर 2 प्रतिशत अब फिर 5.2 प्रतिशत की वसूली मंडी शुल्क के रूप में की जा रही थी।

## खबर संक्षेप

### सचिन पायलट आज जिले के दौरे पर



**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट कल 20 अप्रैल को राजनांदगांव जिले के दौरे पर रहेंगे। वे यहां डोंगरगांव मोहड़ में 21 अप्रैल को आयोजित कांग्रेस की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती प्रियंका गांधी की चुनावी सभा स्थल का निरीक्षण करेंगे। श्री पायलट दोपहर पौने तीन बजे रायपुर एयरपोर्ट से रवाना होंगे। वे यहां शाम साढ़े चार बजे पहुंचेगे। सवा पांच बजे वे मोहड़ से बालोद जिले के हथौद पहुंचेंगे। वे वहां भी सभा स्थल का निरीक्षण करेंगे।

### कमल टाकीज में लगी आग

**राजनांदगांव।** शहर के मध्य वार्ड क्रमांक 27 स्थित कमल टाकीज में शुक्रवार दोपहर को अचानक आग लग गई। टाकीज में रखे सामान को आग ने अपनी चपेट में ले लिया था, हालंकि इससे अधिक नुकसान नहीं हुआ और घंटेभर के भीतर ही दमकल की मदद से आग पर काबू पा लिया गया था। मिली जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 2 बजे कमल टाकीज से धुआं उठते हुए लोगों ने देखा, जिसके बाद अंदर जा कर देखने पर पता चला की टाकीज के अंदर रखी लकड़ियां आग के चपेट में आ गई है। जिसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना देकर बुलाया गया। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे तक आग पर काबू भी पा लिया गया था। ज्ञात हो टाकीज पिछले करीब तीन साल से बंद है, जिसके चलते वहां किसी का आना जाना नहीं था। टाकीज के अंदर रखा कुछ सामान ही इस आग के चपेट में आया।

### प्लेन एवं अंग्रेजी शराब बरामद

**डोंगरगढ़।** 19 अप्रैल को आरोपी शेख सलीम 44 साल साकिन इंदिरा नगर वार्ड नं. 5 डोंगरगढ़ से श्रीराम हास्पिटल के पास स्टेशन रोड में 17 पौवा देशी प्लेन शराब एवं 5 पौवा अंग्रेजी शराब कुल 22 पौवा 2180 रुपए एवं बिक्री रकम 200 रुपए को जब्त किया गया।

## अधिक मतदान के बीच शादियां बनेगी बाधा! कांग्रेस-भाजपा भी चिंता में

# मई-जून में नहीं बजेगी शहनाईयां, अप्रैल में 8 मुहूर्त, मतदान के दिन भी ढेरों शादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गर्मी के दिन आते ही शादियों का दौर भी शुरू हो जाता है। अप्रैल से लेकर जून तक ढ़ेरों शादियां देखने को मिलती है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। अप्रैल में आठ शुभ मुहूर्त के बाद शादी के लिए अगली बेहतर तिथि जुलाई महीने में आएगी। इसके बीच मई और जून में इस साल कोई भी शुभ मुहूर्त शादी का नहीं है। इतना ही नहीं जुलाई में भी सिर्फ चार तिथियां ही है, उसके बाद फिर चार महीने का ब्रेक लग जाएगा।

उल्लेखनीय है कि गुरु प्रधान राशि मीन में प्रवेश करते ही सूर्य मलिन हो जाता है। इस कारण सूर्य के बलवान नहीं रहने से मांगलिक कार्यों की स्थिति नहीं बनती है। इसी तरह इस साल 26 अप्रैल के बाद करीब दो महीने विवाह के मुहूर्त भी नहीं रहेंगे। 26 अप्रैल के बाद शुक्र ग्रह अस्त हो जाएगा, जो 29 जून तक अस्त रहेगा। 6 मई से गुरू ग्रह भी अस्त हो जाएगा, जो 2 जून को उदित होगा, परंतु शुक्र अस्त ही रहेगा।

इस कारण से मई व जून माह में विवाह की शहनाई नहीं बजेगी। इन दोनों ही महीनों में एक भी लग्न नहीं है। इसके बाद सात जुलाई से लग्न शुरू होगा, जो 16 जुलाई को समाप्त हो जाएगा। अगस्त, सितंबर और अक्टूबर महीने में भी चर्तुमास के कारण शादियां नहीं होगी, फिर 17 नवंबर में लग्न शुरू होगा।

> *खरमास समाप्त होने के बाद 18 अप्रैल से शादियों का दौर शुरू हो गया है। अप्रैल में गिनती के मुहूर्त होने के चलते हर शुभ मुहूर्त पर ढ़ेरों शादियां है। आगामी 26 अप्रैल को भी लोकसभा में सैकड़ों शादियां है। यह शादियां मतदान को प्रभावित कर सकती है, अधिक शादियां होने से कम मतदान की चिंता बढ़ गई है। हालांकि प्रशासन से लेकर राजनीतिक पार्टियां भी लगातार लोगों को मतदान के लिए जागरुक कर रहे हैं।*



### व्यापार पर दिखेगा असर

शादियों के गिने-चुने मुहूर्त का सीधा असर व्यापार पर भी देखने को मिलेगा। इससे सीधे तौर पर कैटरिंग, बैंड-बाजा, घोड़ी वाले, टेंट, डेकोरेशन सहित भवन व होटलों पर असर पड़ेगा। वहीं शादियों के चलते कपड़ों से लेकर बर्तन, सोने-चांदी, दो पहिया व चार पहिया वाहनों की भी खरीदी होती रही है। कम मुहूर्त के चलते इन व्यापार पर भी ग्राहकी मार खाएगी।

### मई-जून में सर्वाधिक होती रही शादियां

सालभर में सबसे अधिक शादियों के लिए मुहूर्त मई और जून के महीने में ही देखने को मिलते हैं। लोग भी इन दोनों ही महीनों में बड़ी संख्या में शादियां करते हैं, लेकिन इस बार इन दोनों महीने एक भी मुहूर्त नहीं होने से ऐसा नहीं हो पाएगा। मिली जानकारी के अनुसार बीते साल मई और जून मिलाकर कुल 31 लग्न मुहूर्त थे। इस बार दो माह लग्न से खाली है। ऐसा करीब 23 साल बाद हो रहा है। इससे पहले वर्ष 2000 में भी ऐसी ही स्थिति बनी थी।

### 18 अप्रैल से शादियों की शुरूआत

पंडितों से मिली जानकारी के अनुसार 13 अप्रैल को खरमास समाप्त हो गया है, लेकिन शादियों के लिए मुहूर्त की शुरूआत 18 अप्रैल से शुरु हुआ है। इस महीने में 18, 19, 21, 22, 23, 25 व 26 अप्रैल को विवाह के शुभ मुहूर्त हैं। उसके बाद सीधे जुलाई में 9, 11, 12, 14 व 15 तारीख को विवाह होंगे। हालांकि इस बीच 10 मई को भी शादियां की जा सकती है।

## कर रही थी कांग्रेस का प्रचार

# महालक्ष्मी योजना का फॉर्म भरवाते पाए जाने पर एएनएम बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



देशभर में जारी लोकसभा चुनाव के बीच एक सरकारी कर्मचारी को राजनीतिक पार्टी का प्रचार करने के लिए कार्रवाई का सामना करना पड़ा है। चुनाव को लेकर लागु आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में मोहला-मानपुर जिले के मानपुर विकासखंड के भर्रीटोला में पदस्थ एएनएम छाया उईके का तत्काल प्रभाव से सेवा समाप्त कर दिया गया है।

ज्ञात हो कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म व्हाट्सएप पर एएनएम छाया उईके द्वारा कांग्रेस पार्टी के पक्ष में प्रचार-प्रसार करने के साथ-साथ महालक्ष्मी गारंटी के नाम से महिलाओं से फर्जी फॉर्म भरवाए जाने की वीडियो-फोटोग्राफ्स सामने आया। इसके पश्चात प्राप्त शिकायत पर विकासखंड स्तरीय समिति द्वारा जांच की गई। जांच समिति द्वारा शिकायत सही पाए जाने पर सेक्टर प्रभारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भर्रीटोला द्वारा आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के तहत संबंधित एएनएम की सेवा को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई है। बताया गया की नर्स छाया उईके सात-आठ सालों से जीवनदीप मद पर दैनिक वेतनभोगी के रूप मे भर्रीटोला प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ थी, जहां अपने मूल काम को छोड़ कांग्रेस के प्रचार में लगी हुई थी। उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव लोकसभा में दूसरे चरण के तहत आगामी 26 अप्रैल को मतदान होना है। मतदान को सफल तरीके से कराने के लिए प्रशासन ने भी अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इस बीच ऐसे एक्शन भी लिए जा रहे है।

# ट्रैक्टर से टकराकर पलटी स्कार्पियो, छह लोग गंभीर

## सगाई कार्यक्रम में जा रहे थे सभी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई-पंडरिया

सगाई करने 10 लोगों को लेकर जा रही स्कार्पियो ट्रेक्टर से टकरा गई। स्कार्पियो के तीन बार पलटने से 6 व्यक्तियों को गंभीर चोंटे आई। घायलों को नांदगांव रिफर किया गया है। अन्य 4 व्यक्तियों को सामान्य चोट आई है। जिनका प्राथमिक उपचार किया गया।



मिली जानकारी के अनुसार सुबह लगभग 9 बजे खैरागढ़ के ग्राम कुमही से तेंदूभाठा सगाई करने स्कार्पियो से 10 व्यक्ति सवार होकर निकले थे। तेंदूभाठा से कुछ दूर पहले सड़क किनारे बिजली खंभा लगाया जा रहा था। यहां गुजर रहे ट्रेक्टर से साइड लेकर आगे जाने की कोशिश कर रही स्कार्पियो ट्रेक्टर से टकराकर 3 बार पलट गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। गाड़ी पूरी तरह चकनाचूर हो गई। गाड़ी में सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकालकर बुंदेली स्थित प्राथमिक स्वाथ्य केंद्र ले जाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान रिफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार घायलों में कामता दास पिता रिखीराम निवासी कुमही, सूरज पिता रेखु 13 वर्ष निवासी कुमही, प्रेमु साहू पिता लखन 45 वर्ष निवासी पाड़ादाह को गंभीर चोंट आई है। वहीं लीलदास पिता कार्तिक 55 वर्ष निवासी कुमही, लेखु पिता सजीवन पटेल 22 वर्ष निवासी पिपलाकछार, रमेश पिता शिव 55 वर्ष निवासी कुमही को भी चोंट आई है। सभी 5 व्यक्तियों सहित बच्चे को राजनांदगांव रिफर किया गया है। स्कार्पियो में सवार बाकी 4 भागवत साहू पिता प्यारेलाल साहू 47 वर्ष निवासी कुमही, हरीश पिता तोरण 28 वर्ष निवासी पाडादाह, लेखन पिता कार्तिक एवं उत्तम दास 87 वर्ष निवासी कुमही शामिल हैं, सामान्य घायल हुए हैं।

## भीषण गर्मी से छूटे प्रत्याशियों के पसीने

# दोपहर को गांवों में सन्नाटा, वोटरों को साधने शाम को सभाएं ले रहे प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोकसभा चुनाव को महज सात दिन शेष रह गए हैं और गांवों में अभी तक चुनावी रंगत पूरी तरह गायब दिखाई दे रही है। भीषण गर्मी के कारण अब प्रत्याशियों के पसीने छूट रहे हैं। गर्मी के कारण दोपहर होते ही शहर सहित गांवों में सन्नाटा पसर रहा है। जिसके कारण प्रत्याशियों को जनसंपर्क में दिक्कत आ रही है।

इधर राजनैतिक दलों ने अब शाम के समय डोर-टू-डोर प्रचार और नुक्कड़ सभाओं का आयोजन कर वोटरों को साधने की रणनीति तैयार की है। भाजपा और कांग्रेस ने आचार संहिता के पहले ही अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर लोकसभा चुनाव की जंग का आगाज कर दिया था। पिछले एक माह से भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे और कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व सीएम भूपेश बघेल लगातार गांवों में प्रचार में जुटे हुए हैं। नवरात्र पर्व में ग्रामीणों की व्यस्तता के कारण इस दौरान जनसंपर्क और सभाओं में ज्यादा भीड़ नहीं जुट पाई थी। दलों ने नवरात्र पर्व के निपटने के बाद प्रचार में तेजी लाने की रणनीति तैयार कर रखी थी, लेकिन अब भीषण गर्मी का दौर शुरू होने के चलते प्रत्याशियों को अच्छी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। 43 डिग्री तापमान होने के कारण शहर सहित गांवों में दोपहर होते ही सन्नाटा पसर रहा है। जिसके कारण गांव पहुंच रहे प्रत्याशियों की सभाओं में भीड़ नहीं जुट पा रही है। पिछले दो दिनों में रिकार्डतोड़ गर्मी होने का असर चुनावी प्रचार पर सीधा पड़ता दिखाई दे रहा है। प्रत्याशियों ने अब शाम चार बजे के बाद बड़े गांवों में दस्तक देने की रणनीति तैयार की है। शहर सहित गांवों में रात तक नुक्कड़ सभाओं के जरिये दोनों दल प्रचार कर रहे हैं।

### बिगड़ रही है सेहत

पिछले एक माह से चुनावी कसरत में जुटे नेताओं और कार्यकर्ताओं की भीषण गर्मी में सेहत भी खराब हो रही है। पिछले दिनों मौसम में आए उतार-चढ़ाव के बाद अचानक गर्मी के काफी उग्र तेवर दिखाए जाने से नेताओं के हौसले भी पस्त होते दिखाई दे रहे हैं। नेताओं को इस बात का भी भय सता रहा है कि यदि भीषण गर्मी के कारण मतदान कम हुआ तो पूरे समीकरण भी ध्वस्त हो जाएंगे।

### भीड़ जुटाना हो रहा मुश्किल

भीषण गर्मी के कारण राष्ट्रीय स्तर के नेताओं की सभाओं में भीड़ जुटाने के लिए भी भाजपा और कांग्रेस को पसीने बहाने पड़ रहे हैं। आगामी 21 अप्रैल को कांग्रेस की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रियंका गांधी की मोहड़ में दोपहर को सभा है। इसी दिन दोपहर को कुमर्दा में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी सभा आयोजित की गई है। सभाओं में भीड़ जुटाने के लिए दोनों दल काफी मेहनत भी कर रहे हैं।

### कार्यकर्ताओं में उत्साह

लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में अच्छा खासा उत्साह है। गर्मी की बाधा भी कार्यकर्ताओं के उत्साह को रोक नहीं पा रही है।

\- रूपेश दुबे
प्रवक्ता, कांग्रेस

### कर रहे डोर-टू-डोर संपर्क

कार्यकर्ताओं में उत्साह है। गर्मी के कारण ग्रामीण इलाकों में अपेक्षाकृत भीड़ नहीं जुट पा रही है, लेकिन भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा डोर-टू-डोर जनसंपर्क किया जा रहा है।

\- अमर लालवानी
मीडिया प्रभारी

## माय एंगल





परिहार हॉस्पिटल कवर्धा
मदर एवं चिल्ड्रन हॉस्पिटल
- स्मार्ट कार्ड से निःशुल्क ईलाज
- किफायती दरों में नॉर्मल व सिजेरियन डिलीवरी
- नवजात शिशु व बच्चों के ईलाज की आधुनिक सुविधाएं
- निःसन्तान दंपतियों को परामर्श, जांच व ईलाज की सुविधा
- सभी प्रकार की जनरल व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी (बच्चादानी, हर्निया, हाईड्रोसिल, पथरी, प्रोस्टेट व एपेंडिक्स) किफायती दरों में

सम्पर्क : 9753059148
परिहार हॉस्पिटल मिनीमाता चौक, कवर्धा

संजीवनी
राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
न्यूरो सर्जन



डॉ. घनश्याम बिसेन ससापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY
(PGI Chandigarh)
- एक्सीडेंट या दुर्घटना से मस्तिष्क या रीढ़ की हड्डी की चोट
- ब्रेन एवं स्पाइनल ट्यूमर/ रसोली या गांठ
- हाइड्रोकेफलस (मस्तिष्क मे पानी भरना) • गर्दन या कमर दर्द
- डिस्क की बीमारी (सर्वाइकल या सयाटिका की प्राब्लम)
- ट्यूबरकुलोसिस स्पाइन
- ब्रेन एन्यूरिसम (खून की नसो में गुब्बारा बन जाना)
- ब्रेन हेमरेज या स्ट्रोक / लकवा रीढ़ की हड्डी के अन्य जटिल ऑपरेशन
- विभिन्न प्रकार के सिर दर्द/ ट्राईजेमिनल न्यूरालजिया

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
Date - 20/04/2024 | Time - 3 PM to 6.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप



### जोत विसर्जन के साथ नवरात्रि का समापन

**ढारा।** ग्राम पंचायत ढारा के शीतला मंदिर में नवरात्रि पर्व का समापन जोत विसर्जन के साथ हुआ। में मां शीतला मंदिर ढारा में 28 ज्योति कलश स्थापित किया गया था । नौ दिनों तक माता की पूजा अर्चना, भजन, जस गीत सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। बुधवार को विसर्जन में ग्राम प्रमुख अमित वैष्णव, सरपंच राजेंद्र जघेल, दिनेश ठाकुर जनपद सदस्य सहित श्रीराम भक्त युवा समिति के सभी सदस्य आदि शामिल हुए।

### डामर प्लांट के धुंए से लोग परेशान



**ठेलकाडीह।** डामर प्लांट सें निकलने वाले धुंए से लोग परेशान हो रहे है। ठेलकाडीह बस्ती के समीप प्लांट संचालित है जिसका लोगों के स्वास्थ्य पर वितरित असर पड़ रहा है। प्लांट से निकलने वाले धुंए से वातावरण दूषित हो रहा है। इस प्लांट में डामर और गिट्टी को मिक्स करने के दौरान निकलने वाला धुंआ बस्ती में फैल रहा है जिससे बच्चे एवं बुजुर्गों को सांस लेने में परेशानी होने लगी है। पंचायत सचिव दयालू खुटेल ने बताया कि पंचायत ने प्लांट स्थापना के लिए एनओसी जारी नहीं किया है। डूमरडीहकला के सचिव ने भी डामर प्लांट के लिए एनओसी देने से इंकार किया है।

### उल्लास से मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव

**मुसराकला।** ग्राम पंचायत धुसेरा में हनुमान जयंती उल्लास के साथ मनाई जाएगी। मंगलवार को सर्वप्रथम हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। तत्पश्चात श्री राम प्रस्तुति एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस मौके पर रातापायली वालों का रामायण कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में हरि निषाद, कौशल सेन, मुनेश्वर वैष्णव, शालेन्द्र सिन्हा, कल्याण दास साहू, अनुक दास साहू, रूपेश सिन्हा, यश कुमार साहू जुटे हैं।

### पशुपतिनाथ मंदिर में होती है रोज पूजा



**डोंगरगढ़।** ब्राम्हण पारा स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में प्रतिदिन आरती करने के साथ प्रत्येक घर से बारी बारी प्रसादी वितरण किया जाता है। जिले में एकमात्र पशुपतिनाथ मंदिर होने के कारण यहां दूर दराज से श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। यहां महिलाओं के साथ युवा भक्त प्रतिदिन शिव चालीसा का पाठ करते है जिससे भक्तिमय माहौल रहता है।

### पानी टंकी में मिला मरा मेंढक



**डोंगरगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई डोंगरगढ़ ने प्राचार्य के नाम ज्ञापन सौंपकर नेहरू महाविद्यालय की पानी टंकी में मरा मेंढक पाए जाने की शिकायत किया है। शिकायत में बताया कि दूषित पानी के सेवन से एक छात्रा का स्वास्थ्य प्रभावित होने की सूचना मिली थी। परिषद ने प्रतिदिन पानी टंकी सफाई और स्वच्छ जल उपलब्ध कराने की मांग की है। ज्ञापन देने के दौरान जिला संयोजक अमन, बृज नामदेव, विकास महोबिया, पूर्वा समर्थ, शुभम अग्रवाल, दिव्या नामदेव, विकास महोबिया, डोमेश्वर सिन्हा, मुकुल आदि उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव की सरगर्मी चरम पर, गर्मी को नजर अंदाज कर प्रचार कर रहे कार्यकर्ता

# मतदान 26 को, जीत के प्रयास में जुटे प्रत्याशी








हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने कमर कस लिया है। कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के दौरे के बाद कांग्रेसियों में नई जान आ गई है। श्री बघेल ने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए दावा किया कि इस बार केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि मुझे लोगों ने पांच साल सेवा करने का मौका दिया था जिसे इमानदारी से पूरा करने का प्रयास किया वहीं मौजूदा भाजपा सरकार ने जन हितैषी योजनाओं को बंद कर दिया है। सरकार ने किसानों से कोदो कुटकी, महुआ, रागी और गोबर लेना बंद कर दिया है। गांव की संस्कृति की रक्षा के लिए गठित राजीव युवा मितान क्लब को भी बंद कर दिया गया है। सभा को विधायक यशोदा वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि साय सरकार ने महतारी योजना के नाम पर महिलाओं का ठगा है। इसके पहले सबके खाता में 15 लाख आने की बात कहा था किन्तु बीते 10 साल में 15 रुपए भी नहीं आया। क्षेत्र में बना चुनावी माहौल

श्री बघेल ने बिरुटोला, देवरचा, कुम्हडवाड़ा, बकरकट्टा, चोभर, रामपुर, आमगांव घाट, भाजीडोंगरी, देवपुरा घाट, पैलीमेटा, ठाकुरटोला जीराटोला और साखा में सभा को संबोधित किया। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, पदमा देवी सिंह, गिरवर जंघेल, मोतीलाल जंघेल, ममता राजेश पाल, सज्जाक खान, देवराज किशोर दास, संजय महोबिया, गुलशन तिवारी, विजय वर्मा, हेमंत वैष्णव, रामकुमार पटेल, राजूसिंह, आरती महोबिया, दशमत जंघेल, हरजीत सिंह, प्रकाश महोबिया, संजू चंदेल, लिखन जंघेल, राजेंद्र मंडावी, सोहन पाल, राजू केलकर, देवनाथ जंघेल, आशु खान, सरवर अहमद, सूरज चंद्राकर, विकेश ध्रुव, नामदेव पटेल, दिनेश साहू, गणेश ध्रुव, बजारूराम, मेहतर राम, दीपक अग्रवाल, लक्ष्मण विश्वकर्मा, पन्ना पटेल, सूखेन पटेल आदि मौजूद थे।

### भाजयुमो भी एक्शन मोड में

**पटेवा।** देश में पुनः भाजपा सरकार और भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय की जीत सुनिश्चित करने के लिए भाजयुमो घुमका मंडल में निरंतर जनसंपर्क, चाय पे चर्चा, युवा चौपाल सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। कार्यक्रमों में भाजयुमो ज़िला मंत्री उज्ज्वल कसेर, मंडल अध्यक्ष ललित साहू, महामंत्री जनक साहू, रवि वर्मा, सरपंच साकेत वैष्णव, रूपनारायण साहू, अर्जुन क्षत्रिय, मोहित वर्मा, जितेंद्र गायकवाड़, तिलेश्वर सिन्हा, तीजु यादव, नीलाभ यद्धु, अजय ठाकुर, गजेंद्र साहू सहित अन्य सहभागिता निभा रहे हैं।

### वनांचल पहुंचे सांसद पांडे

**सड़क अतरिया।** भाजपा उम्मीदवार संतोष पांडेय ने शुक्रवार को वनांचल का सघन दौरा किया। श्री पांडे ने पैलीमेटा, मोहगांव, चोभर, भांजी डोंगरी सहित करीब आधा दर्जन गांव पहुंच कर लोगों से जनसंपर्क किया। पैलीमेटा सभा में श्री पांड़े ने केन्द्र में पुनः भाजपा सरकार बनाने की अपील की। सभा को पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, खम्हन ताम्रकार ने संबोधित करते हुए विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, तीरथ चंदेल, निजाम सिंह, परासर ठाकरे, आनंद पटेल, ललित सोनी, संतन साहू, अनुज साहू, महेंद्र यादव, मनोज अग्रवाल, संतोष ठाकुर, योगेंद्र ठाकुर, खेलन वर्मा, मुंजन यादव, विष्णु ठाकरे, डेरालाल मसखरे, जयप्रकाश मसखरे, राजू जंघेल आदि उपस्थित थे।

**सड़क अतरिया।** लोकसभा चुनाव के मतदान को अब कुछ ही शेष है जिसे देखते हुए उम्मीदवारों ने जन संपर्क अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने गुरुवार को ग्राम पंचायत संड़ी, पंडरिया और सड़क अतरिया के ग्रामीणों से संपर्क किया। सड़क अतरिया पहुंचने पर उन्होंने सर्वप्रथम हनुमान, राम जानकी एवं राधा कृष्ण मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना किया। ग्रामीणों से रूबरू होते हुए उन्होंने पांच साल की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किसान, मजदूर, गरीबों की हितैषी पार्टी है। मौजूदा सरकार पर आम हित की योजनाओं को बंद करने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने शराब दुकान बंद नहीं किया। इस मौके पर विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा, मोतीलाल जंघेल, रामकुमार पटेल, अशोक जंघेल, कामदेव जंघेल, पदमा देवी सिंह, कविता जंघेल, गुलशन तिवारी, दशमत जंघेल, हेमंत वैष्णव, प्रमोद सिंह, जैनुल खान, परमेश्वर, गैंदूराम जंघेल, विष्णु जंघेल, सुरेन्द्र जंघेल, मुकेश जंघेल, देवकुमार जंघेल, ओम प्रकाश जंघेल, बल्लूराम सहित अन्य मौजूद थे।

### कोमल जंघेज जुटे प्रचार में

भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में पूर्व विधायक कोमल जंघेल प्रचार करने जुटे हैं। वह ग्रामीणों को केन्द्र सरकार की उपलब्धि एवं जनकल्याणकारी योजना की जानकारी दे रहे हैं। गांव में बैठक आयोजित कर भाजपा कार्यकर्ता को बुथ जीतने रणनीति बता रहे हैं। श्री जंघेल शक्ति केंदो की बैठक, जनसंपर्क, चाय पे चर्चा, डोर टू डोर, हाट बजार में मतदाताओं से संपर्क कर है। गत दिनों उन्होंने साखा, पुरेना, झुरानदी, जोरातराई, सिंघोरी, चिंगली, मड़ोदा, भोरमपुर कला, पेटी आदि ग्रामों में जनसंपर्क किया। इस दौरान छुईखदान मंडल अध्यक्ष नेतराम जंघेल, केसो वर्मा, अवध जंघेल, भावेश कोचर, गणेश वर्मा, रोहित जंघेल, नीलकंठ वर्मा, विक्रांत चंद्राकर कमलेश साहू सहित अन्य मौजूद थे।





### भाजपा की बैठक आयोजित

**डोंगरगढ़।** लोकसभा चुनाव के भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे की जीत के लिए गत दिनों भाजपा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा चुनाव संयोजक राजेश मूणत, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, रमेश पटेल, सुरेन्द्र सिंग बन्नौआना, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, राजेश श्यामकर, जागेश्वर साहू, परदेशी सोनबोइर, नरेन्द्र वर्मा, रामकुमार वर्मा, गंगादास वैष्णव, महेन्द्र यादव, नोमेन्द्र वर्मा, जीवनदास वैष्णव, दिनेश सिंह ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

## कांग्रेस पर महिलाओं को बरगलाने का आरोप



**डोंगरगढ़।** मतदाताओं को कांग्रेस द्वारा प्रलोभन देने की शिकायत सत्यप्रकाश मिश्रा ने अनुविभागीय अधिकारी रिटर्निंग ऑफिसर से की है। शिकायत में श्री मिश्रा ने बताया कि विभिन्न वार्डों में कांग्रेस के सदस्यों द्वारा घर घर जाकर महिलाओं से 1 लाख रुपए मिलने पर वादा कर आवेदन भरवाया जा रहा है जबकि किसी भी सरकार ने कोई आवेदन फॉर्म जारी नहीं किया है। उनका आरोप है कि कांग्रेस के सदस्यों द्वारा जानबुझ कर मतदाताओं को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। श्री मिश्रा ने शिकायत के साथ उक्त कार्य का विडियो संलग्न किया है। उन्होंने कांग्रेस के सदस्यों द्वारा किये जा रहे इस कार्य को तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

## 9वीं में चित्रकला, 11वीं में आशनी प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पारागांवखुर्द में स्थानीय परीक्षा के परिणाम गत दिनों घोषित किया गया। कक्षा 9वी का 92 एवं 11वी का परिणाम शत प्रतिशत रहा।

कक्षा 9वी में चित्रकला वर्मा प्रथम, रूपेंद्र साहू द्वितीय, कौशिकी वर्मा तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 11वीं कला संकाय में पल्लवी लोधी प्रथम, सिमरन वर्मा द्वितीय, ज्योति साहू तृतीय, विज्ञान संकाय में आशनी साहू प्रथम, डीलिशा साहू द्वितीय, ज्योति वर्मा तृतीय, कॉमर्स संकाय में दानीदास साहू प्रथम, सुमन वर्मा द्वितीय, पायल, हृदय राम साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य लेखराम साहू एवं शिक्षकों ने सभी बच्चों को बधाई दी है।



# नवरात्रि मेला में पालिका कर्मियों ने दुकानदारों से जमकर की उगाही

- उगाही के बाद रसीद भी नहीं दिया
- दुकानदारों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नवरात्र के दौरान फुटकर व्यवसायियों से पालिका के कर्मियों द्वारा अवैध वसूली कर की जानकारी मिली है। कर्मचारियों ने मेला शुल्क 300 रूपए की जगह बिना रसिद दिए 1000 रूपए तक वसूल किया है। मेला ग्राउंड में लगने वाले स्टालों से दो से 3 हजार प्रति दुकान वसूली करने की जानकारी सामने आई।

दुकानदारों ने नाम नही छापने की शर्त पर बताया कि पालिका के कर्मचारियों ने अधिकारियों के नाम से बलपूर्वक वसूली किया साथ ही कई दुकानदारों को रसीद तक नही दिया। पसरा टेक्स बंद होने के बाद भी नगर पालिका ने दुकानदारों से अवैध वसूली कर धर्मनगरी को बदनाम करने की कोशिश की है। सीएमओ सीके शर्मा ने बताया कि उन्हे ऐसी कोई शिकायत नहीं मिली है फिर भी आपके द्वारा संज्ञान में लाया गया है तो जांच कर दोषियों पर कार्यवाही किया जाएगा।

### गांव में भी पसरा टैक्स की वसूली

पसरा टैक्स बंद होने के बाद सरपंच सचिव की मिलीभगत से साप्ताहिक बाजार में आने वाले फुटकर व्यापारियों से 2 से 3 गुना तक टेक्स वसूल करने की जानकारी मिली है।विकासखंड की कई पंचायतों द्वारा बाजार को ठेका में दे दिया जाता है जिससे ठेकेदार पसरा शुल्क वसूल करता है। ग्राम पंचायत मोहारा में लगभग 6 साल से एक ही ठेकेदार को बाजार ठेका दिया जा रहा है। सब्जी, अनाज, मनिहारी, जूता-चप्पल, मटन-चिकन के अलावा, सोना-चांदी के व्यापारियों से तीन गुना अधिक राशि वसूल किया जा रहा है। सोना चांदी व्यापारी लाला सोनी ने बताया कि 50 रूपये निर्धारित रेट है किन्तु ठेकेदार द्वारा 100 से 150 रूपए तक मांगा जाता है। नहीं देने पर सामान फेंकने की धमकी दिया जाता है। इसी प्रकार ने अन्य व्यापारियों से 20 रूपए के बजाए 50 से 80 रूपए वसूल किया जा रहा है। इस संबंध में जनपद सीईओ दिव्या ठाकुर ने शिकायत मिलने पर जांच कराकर दोषियों पर कार्यवाही करने की बात कही है।

## महतारी वंदन योजना से कराया अवगत


# महिला मोर्चा ने किया महिलाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

शक्ति केन्द्र बुंदेली में शुक्रवार को महतारी वंदन योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बुंदेली, मैनहर, पंडरिया, ओटेबंद, उदान, तेंदूभाटा, दनिया, सीताडबरी, सुराडबरी सहित चार शक्ति केन्द्र की महिलाएं शामिल हुए। महिला मोर्चा की ज्योति जंघेल ने महिलाओं को महतारी वंदन योजना की जानकारी दी। कार्यक्रम में दिवाकर सोनी, प्रभा पाल, मुस्कान जंघेल, सविता जंघेल, लता जंघेल, राजकुमारी, ललिता, करुणा, भुनेश्वरी, सिलोचनी, यशोदा, फूल बाई, हेमपुष्पा, भागोबाई, उमेश्वरी, प्रीति कोसरे, लक्षवंतीन, मोहनी आदि शामिल हुई।

**गंडई पंडरिया।** महिला मोर्चा ने महतारी वंदन योजना की हितग्राहियों का कार्यक्रम आयोजित कर सम्मान किया। कार्यक्रम में लगभग 40 बुथों की 500 सौ से अधिक महिलाएं शामिल हुई। इस दौरान महिलाओं ने बताया कि उन्हे योजना के तहत 1 हजार प्रतिमाह मिल रहे है। कार्यक्रम में महिला मोर्चा अध्यक्ष उमा चौबे, नेमबाई निर्मलकर, मनीषा चतुर्वेदी, अंजली देवांगन, आशा कुर्रे, निर्मला साहू, पार्वती पटेल, रानी दुबे, प्रिया तिवारी, छाया नामदेव ने संबोधित करते हुए महिलाओ का हाल जाना और उन्हें योजना की बारीकी से अवगत कराया। कार्यक्रम के बाद रैली निकाली गई जो तिरंगा चौक से वापस कार्यक्रम स्थल पहुंची। इस दौरान राकेश ताम्रकार, राजेश मेहता, श्यामपाल ताम्रकर, टुम्मन साहू, खम्हन ताम्रकर, संजय अग्रवाल, विक्की अग्रवाल, राकेश ठाकुर, टेकन देवांगन, भिखु हिरवानी, यतीश कुंजाम, दूजेराम वर्मा, लीलाराम साहू, सेवक वर्मा, रमेश जंघेल, भूपेंद्र पटेल, मनोज चतुर्वेदी सहित अन्य उपस्थित थे।





### लाभार्थी महिलाओं का सम्मान



**मुढीपार।** पाड़ादाह मंडल में भाजपा के प्रदेश महामंत्री रामजी भारती के नेतृत्व में महतारी वंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उज्जवला गैस, जनधन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित महिलाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री भारती ने महिलाओं को महतारी वंदन योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में विस्तृत से अवगत कराया। कार्यक्रम को सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिन्हा, भागवत शरण सिंह, गौस मोहम्मद, कमलेश भदोरिया, गोरेलाल वर्मा, रेखा देवदास, वंदना टांडेकर, संतोष देवांगन सहित अन्य ने संबोधित किया। इस अवसर पर रेखा देवदास, वंदना टाडेकर, वंदना वर्मा, नंदनी बंजारे, हेमिन लाऊत्रे, ममता वर्मा, उषा वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



## गौरीनगर में जवारा विसर्जित

**राजनांदगांव।** गौरीनगर वार्ड नंबर 13 में रामनवमी के दिन जोत-जवारा विसर्जन का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मोहल्लेवासी समेत अन्य लोग शामिल थे। इस आयोजन में शिव बजरंग शीतला माता धर्माथ एवं सेवा समिति के सदस्य व गौरीनगर के निवासरत का बहुमूल्य सहयोग प्राप्त हुआ।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

## सार समाचार

### समर कैम्प में बच्चे सीख रहे कला की बारीकियां



**राजनांदगांव।** ओसवाल लाईन में संचालित दीपचंद चित्रकला प्रशिक्षण केन्द्र में समर कैंप जारी है। इस समर कैंप में चित्रकला में बच्चे ड्राईंग, वाटर पेंटिंग, पोर्टेट, आईल कैनवास पेंटिंग, स्केचिंग शेडिंग, ऐक्रिलिक पेंटिंग, कला की बारीकियां सीख रहे हैं। प्रशिक्षक दीपचंद साहू ने बताया कि संस्था में ड्राईंग इंटेन्स एक्जाम की भी तैयारी कराई जा रही है। जिसका समय दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक का है।

### 105 वर्षीय सेनानी साहू ने किया घर पर मतदान



**राजनांदगांव।** छतीसगढ़ निर्वाचन आयोग के योजना तहत लोकसभा चुनाव 2024 में बुजुर्गों को घर पर वोट करने की सुविधा इस बार भी मिली। इसी सिलसिले में बूथ 176 रामपुर मोहभट्ठा निवासी 105 वर्षीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सदाराम साहू ने भी घर पर ही वोट डाला। इसके लिए तहसीलदार आकांक्षा साहू, नायब तहसीलदार वसीम सिद्धकी, पटवारी किशोर वाकड़े, विजय साहू, किशोर यादव, घनश्याम यादव, दिनेश साहू, रितेश सिन्हा उपस्थित रहे।

### चंद्रहास एवं हर्ष ग्राम अध्यक्ष नियुक्त

**राजनांदगांव।** समाज सेवक संघ के जिला अध्यक्ष भीमा साहू ने बोरी में





चंद्रहास देवांगन एवं गठुला में हर्ष साहू को ग्राम अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर अध्यक्ष संजीव सिंघल एवं प्रदेश अध्यक्ष नैमिन देशमुख ने प्रसन्नता व्यक्त की है। चंद्रहास एवं हर्ष को स्वाति देवांगन, दिव्या वर्मा, भुवनेश्वरी साहू, प्रियांशु सिंघल, हिमलेश्वरी ठाकुर, भूमिका साहू, वंदना सिन्हा, भुवाल प्रसाद लिल्हारे, तारिक लालानी, निशी ध्रुव, मधु फाफा, पूर्वी साहू, प्राची शर्मा, करीना धनकर, सरस्वती वर्मा, अमित पटेल, तामेश्वर साहू, अश्विनी पटेल, ममता मैथिल, गिरीश साहू, रूपा कंवर, रोहिणी पटेल, पायल यादव, अभिजीत सरकार, महेंद्र बघेल, मोतीलाल रावटे, मनोज भट्टाचार्य, बबीता लाहे, विजय निषाद, आकाश यादव, दिनेश पटेल, दौलतराम साहू ने शुभकामनाएं दी।

### कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश आज कवर्धा जिले में



**राजनांदगांव।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कवर्धा जिले के ग्रामों में कल 20 अप्रैल को जनसंपर्क करेंगे। छग प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल सुबह 11 बजे से ग्राम पनेका, मानिकचौरी, बिरकोना, खैरझिटी, सेमो, लखनपुर, रवेली, सुरजपुरा, सुखताल पोंडी, भालूचुवा, राजानवागांव, खैरबाना, बम्हनी, सोनपुरी, रेवाबंद तालाब चौक, भामाशाह परिसर कवर्धा शहर में जनसंपर्क करेंगे।

### भाजपा प्रत्याशी पांडे आज कबीरधाम व पंडरिया विस में

**राजनांदगांव।** भाजपा के उम्मीदवार संतोष पांडे कल 20 अप्रैल को अपना



जनसम्पर्क अभियान कबीरधाम जिले के रणवीरपुर मंडल के ग्राम गेंदपुर से प्रारंभ करेंगे तथा दोपहर बाद पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के आधा दर्जन ग्रामों में जनसंपर्क करते चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार श्री पांडे सुबह 10 बजे कवर्धा से प्रस्थान कर ग्राम गेंदपुर पहुंचेंगे, फिर वे बाजार चारभाठा, वीरेंद्रनगर, सिंघनगढ़ में घर-घर जाकर ग्रामीणों से मुलाकात कर कमल फूल निशान के लिए आशीर्वाद मांगेगे। तत्पश्चात दोपहर 3 बजे पंडरिया मंडल के मोहतरा से अभियान प्रारंभ कर ग्राम रमतला, पेन्ड्री, दलपूर्वा, सोमनापुर, बांधा, तिलाईभाठ होते हुए ग्राम पाढ़ी पहुचेंगे एवं जनसंपर्क करते चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे तथा रात्रि विश्राम कवर्धा में करेंगे।

### भगवान राम की रंगोली बनाकर महाआरती

**राजनांदगांव।** सनातन धर्म महासभा परिवार द्वारा बालाजी मंदिर गंज लाईन में भव्य आकर्षक रामलला के जन्मोत्सव व रामनवमी अवसर पर




भव्य आकर्षक अयोध्या की राम मंदिर भगवान रामलला की मूर्ति की भव्य आकृति रंगोली के माध्यम से बनाई गई। सनातन धर्म महासभा के छग प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने बताया कि यह भव्य आकृति भगवान रामलला की व राम मंदिर की शहर की बिटिया पलक शर्मा द्वारा बनाई गई। तत्पश्चात बालाजी मंदिर गंज लाईन में भगवान रामजी की महाआरती की गई। महाआरती में छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक, शनिदेवधाम मंदिर के राकेश ठाकुर, प्रदेश महामंत्री प्रिंयक सोनी, शहर अध्यक्ष कमल साहू, बालरत्न सेवा समिति के सौरभ खंडेलवाल, सैनिक संघ के राजेश शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मौसमी शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुषमा सिंह, जिला अध्यक्ष ममता सोनी, ममता शर्मा, शहर कोषाध्यक्ष रोशनी रायचा, सचिव रंजना शर्मा व अन्य सनातन धर्म प्रेमियों ने धर्म लाभ लिया। प्रदेश अध्यक्ष श्री पटाक ने बताया कि सनातन धर्म महासभा द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ में शुभ दिन 17 अप्रैल को रायपुर व कोरबा, भाटापारा, बिलासपुर में सनातन धर्म महासभा द्वारा भगवान रामजी की रामनवमी अवसर पर भगवान रामजी की भव्य शोभायात्रा धूमधाम से निकालकर छत्तीसगढ़ में रामनवमी मनाई गयी। उक्त जानकारी मौसमी शर्मा ने दी।

### श्री तिरुपति बालाजी मंदिर में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम शुरू

**राजनांदगांव।** श्री तिरूपति बालाजी मंदिर स्टेशनपारा में वार्षिकोत्सव की शुरूआत हुई। वार्षिकोत्सव का समापन आगामी 20 अप्रैल को भंडारे के साथ होगा। समिति के सदस्यों द्वारा गत दिनों बैठक आयोजित कर वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की रूपरेखा तय की थी। जिसमें 18 अप्रैल को ध्वज स्तंभ के साथ हनुमानजी की मूर्ति स्थापना के लिए तीन दिवसीय हवन-पूजन किए जाने का निर्णय लिया गया था। श्री तिरूपति बालाजी मंदिर धर्मार्थ सेवा समिति से मिली जानकारी के अनुसार 18 अप्रैल को ध्वज स्तंभ के साथ हनुमानजी की मूर्ति स्थापना की गई।

## निधन



### लल्लूराम देवांगन

**राजनांदगांव।** शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त लेखा अधिकारी व फरहद निवासी लल्लूराम देवांगन का 18 अप्रैल को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 19 अप्रैल को ही निज निवास से मुक्तिधाम के लिए निकाली गई, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए।

---

### 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को दी गई सुविधा

# लोस चुनाव : 197 मतदाताओं ने किया होम वोटिंग से मतदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 85 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्ग तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा दी गई।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा ने बताया कि जिले में 18 एवं 19 अप्रैल को 20 मतदान दल द्वारा होम वोटिंग के लिए पात्र मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदान कराया गया। जिले में 197 मतदाताओं ने होम वोटिंग के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। होम वोटिंग के लिए 105 वर्ष के बुजुर्ग से लेकर दिव्यांगजनों में उत्साह देखने को मिला और आयोग द्वारा की गई इस व्यवस्था की प्रशंसा की गई। जिले में होम वोटिंग के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया और फॉर्म-12घ में 212 मतदाताओं द्वारा डाक मतपत्र की सुविधा की मांग की गई थी।

#### 102 वर्षीय मनोहर ने पहली बार किया होम वोटिंग

डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तेन्दूनाला निवासी 102 वर्षीय मनोहर पटेल ने होम वोटिंग के माध्यम से पहली बार लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान कर अपना मताधिकार का उपयोग किया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बुजुर्ग और दिव्यांगों के लिए होम वोटिंग की पहल सार्थक सिद्ध हो रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में भारत निर्वाचन आयोग के उद्देश्यों को परिलक्षित करते जिले में होम वोटिंग के लिए नियुक्त मतदान अधिकारियों द्वारा बुजुर्ग एवं दिव्यांगजनों के घरों में जाकर मतदान कराया गया। मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से घर पर ही मतदान करने की व्यवस्था की गई। मनोहर पटेल को बढ़ती उम्र के कारण आंखों से दिखाई नहीं दे रहा था, लेकिन मतदान अधिकारियों के घर पर आने की जानकारी मिलने पर उनके चेहरे में उत्साह दिखा। श्री पटेल को आंखों से नहीं दिखाई देने के कारण मतदान करने नाती बहू ने सहयोग किया। पहले वे मतदान केन्द्र परिजनों के साथ जाकर वोट दिया करते थे। उन्होंने निर्वाचन आयोग और मतदान अधिकारियों को धन्यवाद दिया।

---

## युगांतर के मानविक राज्य स्तरीय कराटे में प्रथम



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युगांतर पब्लिक स्कूल के मानविक सेठिया ने राज्य स्तरीय कराटे चैम्पियनशिप में प्रथम आकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता दिशा पब्लिक स्कूल रायपुर में 13 और 14 अप्रैल को आयोजित हुई। जिसमें रायपुर के अलावा राजनांदगांव, भिलाई, दुर्ग और राज्य के अन्य जिलों के लगभग 400 विद्यार्थियों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि मानविक ने अध्ययन के साथ-साथ कराटे के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने माता-पिता का नाम गौरवान्वित किया है। उक्त छात्र ने कराटे के अंतर्गत कुमाटे फाइटिंग में शानदार प्रदर्शन कर अंडर-6 आयु वर्ग में गोल्ड मैडल प्राप्त किया। संस्था प्राचार्य डॉ. मधु पोनुगोटी, चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स तथा स्पोर्ट्स) सुशील कोठारी, अजय सिंगी, नरेंद्र कोटड़िया, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह, कराटे प्रशिक्षक टुकेश्वर चंद्राकर, प्राइमरी के सेक्शन इंचार्ज श्वेता मूंदड़ा, कक्षा शिक्षक परमजीत ठाकुर सहित युगांतर परिवार ने छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते बधाई दी है।

---

## मोदी सरकार ने सेना का आधुनिकीकरण कर भारतीय सीमाओं को अभेद्य बनाया : संतोष

### भारत दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था का बना देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा के उम्मीदवार संतोष पांडे ने आज खैरागढ़ व कबीरधाम जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का व्यापक दौरा करते कहा कि वर्तमान आम चुनाव देश के लिए अत्यंत महत्व के हैं, भारत के उज्वल भविष्य को गढ़ने वाले भी हैं व नई पीढ़ी को दिशा भी दिखाने वाले रहेंगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से आजादी के बाद देश की बुनियादी समस्याओं का समाधान किया जाना था, वह नहीं हो पाया। अंग्रेजों के आक्रमण के पहले हम विश्व के सबसे समृद्ध देश हुआ करते थे, किन्तु 200 वर्षों के अंग्रेजी शासनकाल ने हमारे देश के ताने-बाने को ध्वस्त कर दिया। अंग्रेजों ने कूटरचना कर भारतीय संस्कृति में पश्चिमी सभ्यता थोपने की चाल चली और देश का यह दुर्भाग्य रहा कि आजादी के बाद कांग्रेस का नेतृत्व जिन हाथों में आया, वे अंग्रेजीयत संस्कारों से ओतप्रोत रहे, उन्हे देश की मौलिक आवश्यकताओं व सांस्कृतिक विरासत का ज्ञान नहीं था, फलस्वरूप इनके लंबे शासनकाल में देश पटरी से नीचे उतर गया।

भाजपा मीडिया सेल के अनुसार श्री पांडे ने कहा कि इनके शासनकाल में प्रशासन में जड़ता आ गई थी, भ्रष्टाचार खूब फल-फूल रहा था, गरीब और गरीब तथा अमीर और अमीर होते चले गए। विकास परियोजनाओं की जड़ में भ्रष्टाचार का नस्तर लग गया तथा वह दशकों तक अधूरी की अधूरी रह जाती रही। आम लोगों के चलने के लिए ना तो अच्छी सड़कें बन पा रही थी और न ही सेना को आधुनिक हथियार मिल पा रहे थे, न ही बुलेट प्रूफ जैकेट और तो और उन्हें अच्छे किस्म के जूते तक उपलब्ध नहीं थे। देश की हालत बद से बदतर जैसी हो गई थी। कहीं बांगलादेश की घुसपैठ तो कहीं पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों के हमले हो रहे थे, भारत की दशा एक दयनीय देश के समान हो गई थी।



#### चुनावी सभाओं को किया संबोधित

श्री पांडे अपने जनसम्पर्क अभियान के तहत खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के ग्राम पैलीमेटा, मोहगांव, चोभर, आमगांव, भांजीडोंगरी पहुंचकर चुनावी सभाओं को संबोधित किया, फिर वे कबीरधाम जिले के रेंगाखार मंडल के ग्राम खारा, उसर्वाही, खम्हरिया, तितरी, बरबसपुर, समनापुर, झलमला, शीतलपानी, सिवनी, चिल्फ़ी पहुंचे, जहां श्री पांडे का स्वागत किया गया। इस दौरान कोमल जंगल, विक्रांत सिंह, घम्मन साहू, खम्मन ताम्रकार, टीके चंदेल, निजाम मंडावी, परासर ठाकरे, अनुज साहू, ललित सोनी, संतान साहू, संतोष ठाकुर, शत्रुहन साहू, मुंजन यादव, महेंद्र यादव, मनोज अग्रवाल, विष्णु ठाकरे, ओमलाल साहू सहित अन्य नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

## भूपेश बघेल वोट मांगने तीसरी बार पहुंचे मोहला मानपुर विस क्षेत्र में

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

पूर्व मुख्यमंत्री व राजनांदगांव लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल अंबागढ़ चौकी तथा मोहला विकासखंड के पांगरी, भनसुला, गोर्राटोला, माहुद, मचांदुर, आतरगांव, मोहड, सिरलगढ़, बूटाकसा, दनगढ़, खुर्सीटिकुल, मुरारगोटा, सोमाटोला, गिधाली, दुगाटोला, कुम्हली, गोटाटोला, चांपाटोला, केंवटटोला, मरारटोला, आलकन्हार, रेंगाकठेरा सहित करीब 22 गांव का सघन दौरा कर धुंआधार जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान अपने मुख्यमंत्रित्व काल के समय में कराए गए विकास कार्यों को एक-एक कर गिनाया और लोकसभा के लिए वोट मांगा।

भूपेश बघेल ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव कोई आम चुनाव नहीं है, बल्कि खास चुनाव होने वाला है। आज देश का संविधान खतरे में है। भाजपा की सरकार संविधान में संशोधन करने वाली है, जिसे गरीब, मजदूर, एसटी, एससी, ओबीसी वर्ग की स्थिति दयनीय हो जाएगी। केंद्र सरकार पूंजीपति एवं उद्योगपतियों के हित की बात करती है। भाजपा इस चुनाव में 400 पार का नारा लगा रही है। जिससे संविधान को बदलना चाहती है। कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने कहा कि केंद्र में 10 साल से जमी हुई मोदी की सरकार के कारण देश लगातार भ्रष्टाचार, महंगाई एवं बेरोजगारी से जूझ रहा है। देश को धर्म और जाति तथा आस्था के नाम पर गुमराह किया जा रहा है। देश के संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग किया जा रहा है। हमने इस चुनाव में 25 गारंटी दिया है, जो देश के किसान, मितान, युवा, महिलाएं, बेरोजगार सबके जीवन में नए बदलाव लाएगी। भाजपा वन संरक्षण अधिनियम को खत्म करना चाहती है। जिससे आदिवासियों का अधिकार छीनने का प्रयास किया जा रहा है। हमने सरकार बदलते ही हसदेव अरण्य को उजड़ते देखा है। अब केंद्र में कांग्रेस सरकार बनाने के लिए कांग्रेस को पंजा छाप पर वोट करना है।



#### बघेल ने किए अनगिनत कार्य

सांसद प्रत्याशी के साथ प्रचार में चल रहे विधायक इंद्रशाह मंडावी ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी है, क्योंकि प्रदेश में जिस प्रकार से मुख्यमंत्रित्व काल के दौरान उन्होंने वनांचल के विकास के लिए जो दूरदृष्टि दिखाई थी, वह मोहला-मानपुर विधानसभा के विकास के लिए मिल का पत्थर साबित हुआ है। नवीन जिला धान का अधिकाधिक समर्थन मूल्य, तहसील निर्माण, बैगा, पटेल-कोटवार, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका का मानदेय बढ़ाए हैं, ऐसे अनगिनत कार्य भूपेश बघेल ने किया है। हम सबको 26 अप्रैल को पहली जाकर पंजा छाप के बटन पर मुहर लगाना है।

---

### 21 को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव।** जैनों के 24वें तीर्थकर अहिंसा के अवतार भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याण दिवस पर्व के उपलक्ष्य में 21 अप्रैल को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाए जाने पर मांस जब्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्रवाई करते 5 हजार रुपए तक जुर्माना करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने-अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

---

## नाबालिग बच्चों से चुनाव प्रचार, कार्रवाई करे आयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



लोकसभा चुनाव में भाजपा लगातार आचार संहिता का उल्लंघन कर रही है। उसी क्रम में छुईखदान भाजपा महिला मंडल द्वारा नाबालिग बच्चों से चुनाव प्रचार करवाकर अपनी राजनीतिक स्वार्थ पूर्ति का घिनौना खेल खेली है। जिसकी शिकायत कलेक्टर एव जिला निर्वाचन अधिकारी खैरागढ़-छुईखदान-गंडई को छग प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव व खैरागढ़ विधानसभा महिला कांग्रेस प्रभारी कुसुम दुबे एवं जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष आरती महोबिया ने की है।

प्रदेश सचिव कुसुम दुबे ने बताया कि निर्वाचन नियमावली के तहत नाबालिग बच्चों के गले में गमछा, दुपट्टा, हाथों में पाम्पलेट आदि पकड़ाकर चुनाव प्रचार कराने को गैरकानूनी माना गया है। उसी तर्ज पर धार्मिक स्थलों का भी चुनाव प्रचार में बिना वैध अनुमति के उपयोग किया जाना निर्वाचन नियमों के विपरीत है। छुईखदान भाजपा महिला मंडल की पदाधिकारी राजलक्ष्मी पंसारी, किरण गुप्ता, आशा महोबिया, अनिता, पार्वती महोबिया, तृप्ति वैष्णव, हेमलता देवांगन आदि महिलाओं ने बाई साहब मंदिर छुईखदान में महतारी वंदन योजना के नाम से भाजपा का चुनाव प्रचार करते नाबालिग बच्चों के गले में दुपट्टा एवं हाथ में पाम्पलेट बंटवाने का कार्य किया है। जिसकी फोटो सहित शिकायत करते बाल श्रम कानून एवं किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई करने हेतु शिकायत पत्र सौंपा है।

---

## रॉयल किड्स कान्वेंट बालिका कबड्डी में प्रदेश में विनर



**राजनांदगांव।** रॉयल किड्स कान्वेंट में आईसीएसई बोर्ड के जोनल गेम्स एंड स्पोर्ट्स रखे गए एवं रॉयल किड्स कान्वेंट में इन खेल गतिविधियों का आयोजन हुआ। छत्तीसगढ़ जोन के आईसीएसई बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला उर्सलाइन इंग्लिश मीडियम स्कूल अंबिकापुर एवं रॉयल किड्स कान्वेंट राजनंदगांव के बीच हुआ। जिसमें रॉयल किड्स कान्वेंट की बहादुर बालिकाओं ने अपना शानदार प्रदर्शन करते सरगुजा को शिकस्त दी और राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया।

ज्ञात हो कि प्रारंभ से ही रॉयल किड्स कान्वेंट में पढ़ाई के साथ-साथ खेल पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। इस संस्था के बहुत से विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल में अपनी खास जगह बनाई है। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खेल में मृणाल चौबे और अंतर्राष्ट्रीय कॉमनवेल्थ भारोतोलन में ज्ञानेश्वरी यादव तथा राष्ट्र स्तरीय पर शाला की छात्रा अभिज्ञा कन्नौजे (टेबल टेनिस), रितेश यादव (भारोत्तोलन) में चयनित हुए हैं।

खेलों में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की यह उपलब्धियां निश्चित ही राजनांदगांव को देश के खेल मानचित्र में अलहदा स्थान प्रदान करती है।

इस उपलब्धि पर शाला की अध्यक्ष डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, डायरेक्टर सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह एवं शाला के एकेडेमिक डायरेक्टर/प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल, बरसर इंद्रकुमार वैष्णव सहित शिक्षकों ने इस उपलब्धि पर बधाईयां दी।

---

### पुरोहितों ने विभिन्न संस्कार भी संपन्न कराया

# नवमी में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



गायत्री शक्तिपीठ में चैत्र नवरात्रि पर्व के नवमीं के दिन पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें गायत्री परिजनों, हिन्दू धर्म के अनुयायियों ने आहुति दी। इस दौरान मंदिर में गायत्री शक्तिपीठ के पुरोहितों द्वारा विभिन्न संस्कार भी संपन्न किए गए।

नवरात्र नवमी की सुबह 9.30 बजे से प्रारंभ पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में महापौर हेमा देशमुख अपने पति सुदेश देशमुख के साथ शामिल होकर यज्ञाहूति प्रदान की। इसी तरह शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी सूर्यकांत चितलांग्या ने भी मां गायत्री से प्रार्थना कर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जन्मोत्सव, श्री रामनवमी पर्व की लोगों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान यज्ञ में महापौर दम्पत्ति सहित उप ट्रस्टी बृजकिशोर सुरजन, नंदकिशोर सुरजन, जुगल किशोर लड्ढा, मुरलीधर चौधरी, आनंद पंसारी, हिरेन ठक्कर, आत्माराम कोशा, डॉ. मौर्या, रमेश च्यवन, विजय कौशिक, सुनील ठक्कर आदि ने सपत्नीक हिस्सा लिया।

उक्त यज्ञायोजन में जयंती भाई पटेल, डॉ. नरेंद्र गांधी, बद्रीनाथ महोबिया, गोविंद भाई पटेल, गोपाल चौरसिया, ईश्वर साहू, देवेंद्र साहू, भेष कुमार साहू, मोहन पटेल, अलका बहन, सुषमा सुरजन, टेकती साहू, रुपाली गांधी, उषा महोबिया, श्रेया गुप्ता, अंजनी कोशा, पुष्पा साहू समेत अन्य लोग शामिल थे। उक्त जानकारी ओमप्रकाश द्वारा दी गई।

Online Booking : www.tripuryatra.com



## स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024 तक ( 07 दिन )

रायपुर (08:00), उसलापुर (10:30), शहडोल (14:00) से होकर

सबसे कम राशि पर

चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है...



जय माता दी

# माता वैष्णव देवी

माता वैष्णव देवी, हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)

स्लीपर मात्र 8,500/-

### स्पेशल ट्रेन की विशेष सुविधाएं

1. श्रद्धालुओं को ट्रेन बदलनी नहीं रहती, स्पेशल ट्रेन आपको पूरे धार्मिक स्थल का दर्शन करवा वापस आपके गंतव्य स्थल पर छोड़ेगी ।
2. स्पेशल ट्रेन में कोई बाहरी यात्री सवार नहीं होते, स्पेशल ट्रेन हमारे श्रद्धालु गण के लिए ही बनी रहती है ।
3. श्रद्धालुगण का लगेज ट्रेन पर ही रहती है ,खाली हाथ दर्शन को श्रद्धालुगण जाते हैं एवं बार-बार समान उतारना-चढ़ाना नहीं पड़ता।
4. छत्तीसगढ़ के सर्वश्रेष्ठ कुक के टीम से श्रद्धालुओं को घर जैसा स्वादिष्ट, लाजवाब भोजन नाश्ते की व्यवस्था रहती है।
5. अनुभवी मैनेजर/ गाइड पूरे यात्रा में श्रद्धालुओं के साथ रहेंगे ।
6. सभी श्रद्धालुओं के ग्रुप को सीट एक साथ मिलती है।

राशि : स्लीपर 12,500/-, 3 एसी -20,500/-, 2 एसी -25,500/- ऑफर : राशि : स्लीपर 8,500/- 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

माता-पिता व स्वयं तीर्थ यात्रा कर जीवन धन्य करें साथ -साथ पुण्य का लाभ अर्जित करें।



स्लीपर मात्र 18,500/-

सबसे कम राशि पर

# चार धाम यात्रा

रायगढ़ (11.56), खरसिया (12.21), सक्ती (12.36), बाराद्वार (12.50), चांपा (13.15), जांजगीर नैला (13.26), अकलतरा (13.40), बिलासपुर जंक्शन (14.30), पेंड्रा रोड (16.15), भाटापारा ( 06.30), तिल्दा (06.53), रायपुर जंक्शन (07.40), दुर्ग (08.35), राजनांदगांव (08.59), डोंगरगढ़ (09.24), अनूपपुर जंक्शन (17.15)

श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश

रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
09 मई से 22 मई 2024
20 मई से 02 जून 2024
24 मई से 06 जून 2024
26 मई से 08 जून 2024
29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
05 सितंबर से 18 सितंबर 2024
20 सितंबर से 03 अक्टूबर 2024

### चारधाम की विशेष सुविधा

1. रेलवे ट्रेन टिकट आने-जाने की सुविधा हरिद्वार तक। 2. हरिद्वार से 2/2 की 27 सीटर छोटी बस की सुविधा। 3. रात्रि विश्राम के लिए हॉटल / लॉज में ठहरने की उत्तम सुविधा। 4. सर्वेश्रेष्ठ कुक द्वारा गरमा-गरम ताजा उत्तम नाश्ते व स्वादिष्ट रात्रि भोजन की उत्तम सुविधा व ट्रेन में लंच की व्यवस्था। 5. एक अनुभवी गाईड कम मैनेजर की सुविधा ।

चारधाम यात्रा की इन्डीविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें-8802411411

नोट : कृपया अंतिम दिनांक से पहले बुकिंग करवालें क्योंकि ट्रेन में वेटिंग लगने पर टिकिट नहीं मिल पाती है।

यात्रा पंजीयन अप्रैल में खुल गई है आपको यात्रा पंजीयन करवाना अनिवार्य है। अन्यथा आपका चार धाम यात्रा करना मुश्किल रहेगी।

स्लीपर 22,500/- , 3 एसी -32,500/-, 2 एसी - 38,500/- ऑफर : स्लीपर 18,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-32,500/- (+5% GST) 25 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

## नेपाल विदेश यात्रा

स्लीपर मात्र 18,500/-

जनकपुर (सीता मईया जन्म स्थल) सीतामणी, वाराणसी (काशी विश्वनाथ), प्रयागराज (त्रिवेणी संगम), अयोध्या (राम जन्मभूमि), गोरखनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढानिलकंठ, सांघा) काठमांडू दरबार, भक्तपुर

रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
09 मई से 22 मई 2024
06 जून से 19 जून 2024
25 जुलाई से 07 अगस्त 2024
22 अगस्त से 04 सितंबर 2024
12 सितंबर से 25 सितंबर 2024
10 अक्टूबर से 23 अक्टूबर 2024
28 नवंबर से 11 दिसंबर 2024
19 दिसंबर से 01 जनवरी 2025

राशि : 22,500/- रु., 3एसी-30,500/-, 2एसी-35,500/- । ऑफर : राशि : स्लीपर 18,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-30,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

## अमरनाथ यात्रा

स्लीपर मात्र 13,500/-

बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी

रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
16 जुलाई से 26 जुलाई 2024
06 अगस्त से 16 अगस्त 2024

नोट : आपको अमरनाथ का स्वयं मेडिकल व रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है ।

राशि : 18,500/- रु., 3एसी-25,100/-, 2एसी-30,500/- । ऑफर : राशि : स्लीपर 13,500/- 3 एसी-20,500/-, 2 एसी-25,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

## 7 ज्योतिर्लिंग यात्रा

स्लीपर मात्र 16,500/-

श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेट, श्री शिरडी सांई बाबा, श्री शनि सिंघनापुर, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यम्बकेश्वर ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग

रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
24 जुलाई से 03 अगस्त 2024
21 अगस्त से 31 अगस्त 2024
11 सितंबर से 21 सितंबर 2024
16 अक्टूबर से 26 अक्टूबर 2024
27 नवंबर से 07 दिसंबर 2024
25 दिसंबर से 04 जनवरी 2025

राशि : 20,500/- रु., 3एसी-28,100/-, 2एसी-32,500/- । ऑफर : राशि : स्लीपर 16,500/- 3 एसी-22,500/-, 2 एसी-28,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

स्पेशल ट्रेन से 14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक ( 07 दिन )

## द्वारकाधीश धाम यात्रा

स्लीपर मात्र 8,500/-

श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, माउंट आबू / उज्जैन (महाकालेश्वर)

राशि : 12,500/- रु., 3एसी-20,100/-, 2एसी-25,500/- । ऑफर : राशि : स्लीपर 8,500/- 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

स्पेशल ट्रेन से 21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024 (11 दिन)

नोट : तिरूपति बालाजी की व्हीआईपी टिकिट यात्रियों को स्वयं बुक करनी है।

## रामेश्वरम् धाम यात्रा

स्लीपर मात्र 16,500/-

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मिनाक्षीदेवी

रिजर्वेशन कोच (10 दिन)
04 जून से 13 जून 2024
20 अगस्त से 29 अगस्त 2024
10 सितंबर से 19 सितंबर 2024
15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2024

राशि : 22,500/- रु., 3एसी-30,500/-, 2एसी-35,500/- । ऑफर : राशि : स्लीपर 16,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-30,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

स्पेशल ट्रेन से 13 सितंबर से 18 सितंबर 2024 तक ( 06 दिन )

## गंगा सागर यात्रा

स्लीपर मात्र 8,500/-

गंगा सागर, जगन्नाथपुरी, मां कामाख्या देवी

राशि : 13,500/- रु., 3एसी-21,100/-, 2एसी-26,500/- । ऑफर : राशि : स्लीपर 8,500/- 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

**स्पेशल ऑफर : किसी भी यात्रा में 25 टिकिट की बुकिंग कराने पर 1 टिकिट फ्री* 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर**

सुविधाएं : यात्रा के दौरान -1. कफर्म रेल्वे टिकट आने-जाने की सुविधा। 2. स्टेशन से बाहर मंदिर तक जाने के लिए बस की सुविधा। 3. ब्रेकफास्ट व डिनर व ट्रेन में लंच की सुविधा। 4. लॉज व धर्मशाला में रूम में फैमलि वाईस ठहरने की सुविधा। 5. पूरे यात्रा में एक अनुभवी गाईड/ मैनेजर की सुविधा ।

नोट : 1. यात्रा के दौरान नास्ते, भोजन व रहने के लिए लॉज/ धर्मशाला व मंदिर तक जाने के लिए नॉन एसी बस की व्यवस्था समिति द्वारा रहेगी। 2. एसी वाले यात्रियों के लिए नॉन एसी होटल व नॉन एसी बस की व्यवस्था रहती है। 3. यात्रा के दौरान ट्रेन से बाहर दोपहर के भोजन का व्यवस्था आपकी स्वयं की रहेगी। 4. केदारनाथ, यमुनोत्री की पालकी घोड़े, खच्चर, हेलिकाप्टर व नेपाल में मनोकामना दर्शन की रोपवे व मंदिर एंट्री फीस व तिरूपति बालाजी जी की व्हीआईपी दर्शन टिकिट फीस आपकी स्वयं की होगी।

नियम एवं शर्तें : 1. यात्रा कैंसल करने पर यात्रा की 15 दिन पूर्व पूर्ण राशि का निरस्तीकरण प्रभार 20 प्रतिशत लगेगा। यात्रा दिनांक के 15 दिन पूर्व 50 प्रतिशत, 7 दिन पूर्व 75 प्रतिशत पूर्ण राशि में कटौती की जाएगी व यात्रा दिनांक के 2 दिन पूर्व राशि वापसी नहीं हो पाएगी। 2. 20 प्रतिशत यात्रा के पूर्व राशि का रजिस्ट्रेशन राशि किसी परिस्थिति में भी वापसी योग नहीं है। 3. 5 वर्ष से 8 वर्ष के बड़ों की हॉफ राशि लगेगी व 8 वर्ष से ऊपर के यात्रियों की पूरी राशि लगेगी, हॉफ राशि वालों को सीट आबंटित नहीं की जाएगी। 4. 20 प्रतिशत रूपए देकर अपना रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात शेष राशि यात्रा दिनांक के 1 महीने पूर्व जमा करना अनिवार्य है अथवा आपकी यात्रा कैंसल हो जावेगी। 5. समिति स्पेशल ट्रेन/ कोच के लिए रेलवे में आवेदन करेगी, परंतु किसी कारावश स्पेशल ट्रेन/ कोच रेल्वे से उपलब्ध नहीं हो पाती है तो उस स्थिति अनुसार आपको रिजर्वेशन कोच से यात्रा करनी रहेगी। सहमती पर ही बुकिंग करवायें। 6. एसी वाले भक्त जनों का स्पेशल ट्रेन व कोच में रामेश्वरम् यात्रा दिसंबर के अलावा सभी यात्रा में एसी यात्री कम होने के कारण रिजर्वेशन कोच में ही यात्रा करनी रहती है कृपया अपनी सहमति पर ही बुकिंग करवाएं। 7. कुल राशि पर 5 प्रतिशत जीएसटी अलग से लगेगा। 8. रिफंड करने की प्रक्रिया में 1 महीने का समय लगता है।

**नोट : कृपया *www.tripuryatra.com* से टूर प्रोग्राम (आईटनरी), नियम व शर्तें को पढ़ने के पश्चात ही अपनी सहमति पर बुकिंग करें।**

Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti

Since-2007

shree tripur tirth yatra

# श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

समिति की उपलब्धियां -
- पूर्व मुख्यमंत्री मा. श्री भूपेश बघेल जी के द्वारा सम्मानित समिति
- ZEE मध्य प्रदेश-छतीसगढ़, छत्तीसगढ़ शासन उपमुख्यमंत्री मा. श्री अरूण साव जी द्वारा सम्मानित समिति
- पूर्व मुख्यमंत्री मा. श्री डॉ. रमन सिंह जी के द्वारा सम्मानित समिति
- केन्द्र रेल मंत्री माननीय श्री अश्विन वैष्णव जी से सम्मानित समिति
- बंसल न्यूज चैनल द्वारा माननीय पूर्व राजस्व मंत्री श्री जयसिहं अग्रवाल जी द्वार सम्मानित समिति
- छत्तीसगढ़ राज्यपाल माननीया अनुसुइया उइके जी के द्वारा सम्मानित समिति
- महिला बाल विकास पूर्व मंत्री माननीया अनीला भेड़िया जी के द्वारा सम्मानित समिति
- जी न्यूज हिन्दुस्तान द्वारा आयोजित कार्यक्रम उड़ान में राष्ट्र स्तर पर मिला सम्मान
- मध्य भारत की सबसे विश्वसनीय सुप्रसिद्ध यात्रा करवाने वाली सेवा समिति
- आई.बी.सी. 24 द्वारा छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार की उपाधि से संबोधित
- न्यूज 18 छत्तीसगढ़ द्वारा बिजनेस एक्सिलेंट अवार्ड से सम्मानित
- नौ राज्यों छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखण्ड, महाराष्ट्र, बिहार, उड़ीसा, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब में सेवा देने वाली एकमात्र सेवा समिति
- सबसे कम राशि पर तीर्थ यात्रा कराने वाली एक मात्र सेवा समिति

संरक्षक श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति - श्री राजकिशोर प्रसाद - संरक्षक, महापौर- कोरबा, श्री सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल-संरक्षक एवं विधि सलाहकार, श्री राहुल यादव - चेयरपर्सन- श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति, एम. डी. राहुल ट्रैवल्स, वन वे टैक्सी प्रा.लि., डॉ. साहिल यादव - डायरेक्टर राहुल ट्रैवल्स, वन वे टैक्सी प्रा.लि., श्रीमती रीना राय - कोषाध्यक्ष, श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति, श्री जयराज मिश्रा (रिलायबल सर्विस), श्री संतोष राठौर (पूर्व सभापति एवं एमआईसी सदस्य न.पा. नि. कोरबा), श्री निरंजन यादव (महासचिव छ.ग. प्रगतिशील यादव महासंघ), श्री जितेंद्र बहादुर यादव (छत्तीसगढ़ अध्यक्ष प्रगतिशील यादव महासंघ) (एस.एस. इण्डस्ट्रीज), श्री रजनीश भास्कर (एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट), श्री तेजप्रताप सिंह (भिलाई) श्री कमल यादव (डायरेक्टर प्रतिभा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग नया रायपुर), गणेश कुलदीप (अधिवक्ता)

**OFFICE ADDRESS** RAIPUR : D-36 Sector- 4, Kamal Vihar, Near Shree Venkatesh Hospital, KORBA : Shop No - 301, 302, 303 SS Plaza Power House Road , DELHI : Flate No.-217, Ground Floor, Dg-3 (Paryavaran Apartments), Vikaspuri, HARIDWAR : Nagaldham Ke Samne Bhupatwala Haridwar, HARYANA: Panghal Travels 65 Improvement Trust Market Bhiwani Haryana Near Hansi gate Bhiwani

**संपर्क करें :- 9165-411411 - 7247-411411 Online Booking : www.tripuryatra.com**

### जिलाध्यक्ष अशोक साहू ने पार्टी का गमछा पहनाकर स्वागत किया

# भाजपा की रीति-नीति से प्रभावित होकर सरपंचों ने किया भाजपा प्रवेश

■ समर्पित भाव से पार्टी के लिए काम करने के लिए प्रेरित किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भारतीय जनता पार्टी के सिद्धांतो और रीति-नीति से प्रभावित होकर कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के इक्कीस सरपंचों ने शुक्रवार को भाजपा नेता जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी के नेतृत्व में कार्यालय पहुंचकर पार्टी में प्रवेश किया, सभी इक्कीस सरपंचों का भाजपा के जिला अध्यक्ष अशोक साहू ने पार्टी का गमछा पहनाते हुए स्वागत किया तथा उन्हें समर्पित भाव से पार्टी के लिए काम करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रामकुमार भट्ट, जिला महामंत्री संतोष पटेल, दिनेश चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे, नव प्रवेशी सरपंचों ने भी उपस्थित पदाधिकारियों को विश्वास दिलाया कि जिला भाजपा संगठन के निर्देशन में सभी लोग इस चुनाव में पार्टी प्रत्याशी संतोष पांडेय को जीतने तथा नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए दिन रात मेहनत करेंगे।



**प्रवेश अभियान में कवर्धा जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी की रही विशेष भूमिका**

शुक्रवार को प्रवेश करने वाले इन सभी इक्कीस सरपंचों से बातचीत कर उन्हें पार्टी की नीतियों से जोड़ना का काम जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी ने किया, जिन्होंने सभी सरपंचों से लगातार संपर्क किया और आज इन्हें पार्टी में प्रवेश कराया।

**21 सरपंचों ने थामा बीजेपी का दामन**

21 सरपंचों ने बीजेपी का दामन थामा जिसमें, बरदुली के पंडित गोलू दीवाना, कान्हाभैरा के रामप्रसाद, मक्के के मुक्तानंद साहू, मजगांव हेमंत कुमार साहू, रवेली श्रीमती सविता दिनेश साहू, राम्हेपुर खुर्द कोमल प्रसाद, भागूटोला जयराम साहू, सोनबरसा अशोक कश्यप, लखनपुर कला मैना पात्रे, महराटोला मन्नू राम, बारदी श्रीमती जलेश्वरी रामु साहू, छिरहा राम पटेल, सिंघनपुरी पीलाराम साहू, जमुनिया श्रीमती उर्मिला चंद्रभूषण, बानो श्रीमती चमेली चंद्रवंशी, खामी केवरा, गंगापुर पार्वती, लासाटोला तुलाराम ध्रुर्वे, समनापुर मनोज पटेल, खदौड़ा खुर्द श्रीमती भूरीबाई हरीराम साहू, बोधईकुण्डा के भरत साहू ने आज भाजपा प्रवेश किया।



# विजय शर्मा ने भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय के पक्ष में मांगा समर्थन

## भाजपा पदाधिकारियों व ग्रामीणों ने किया उपमुख्यमंत्री का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

राजनांदगांव लोकसभा भाजपा प्रत्याशी के चुनावी प्रसार प्रचार दौरा में गुरुवार को कुण्डा मुख्यालय में जनसभा को संबोधित करने राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी व सांसद संतोष पाण्डेय के पक्ष में कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार करने प्रदेश उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा पहुंचे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रथम कुण्डा आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों नें भव्य स्वागत किया।

साथ ही साथ जनसभा को संबोधित कर 26 अप्रैल को होने वाले आम चुनाव में भारतीय जानता पार्टी के पक्ष में मत करने सभी क्षेत्रवासियों से अपील की। इस अवसर पर मंडल सह प्रभारी रोशन दुबे, जिला महामंत्री क्रांति गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जिला मंत्री ओम यदु, जिला मंत्री सुरेश दुबे, मण्डल अध्यक्ष मुकेश सिंह ठाकुर, रामस्वरूप साहू, दिनेश मिश्रा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीराम साहू, जनपद अध्यक्ष समुंद सेवाराम कुर्रे, महामंत्री कृष्णा चंद्राकर, गीताराम साहू, शिक्षा प्रकोष्ठ जिला संयोजक सीताराम साहू, जिला कार्यसमिति सदस्य रामकुमार चंद्राकर, किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विदेशीराम ध्रुर्वे, विकास पांडेय, मनोज ठाकुर, किशोर चंद्राकर, ध्वजाराम चंद्राकर, जनपद सभापति श्रीमती उतरा साहू, मनहरण साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी तथा ग्रामीण जन उपस्थित थें।

**तीसरी बार केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार में सहयोग प्रदान करने कि अपील कीः भावना**

सभा में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने भी उपस्थित कार्यकर्ताओं से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने कि अपील की वह पुनः तीसरी बार केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार में सहयोग प्रदान करने कि अपील की। इस अवसर पर मण्डल प्रभारी के नाते कार्यक्रम में उपस्थित रहा साथ उपस्थित जनसभा को संबोधित किया।

**खबर संक्षेप**

**शादी सीजन में मालवाहकों में ही ढो रहे बाराती व सवारी**

**कवर्धा।** शहर सहित अंचलो में शादी सीजन में फिर से मालवाहकों में ही लोगों को ढोए जा रहे हैं। जिसमें छोटी बड़ी मालवाहक जैसे मेटाडोर, ट्रैक्टर-ट्राली, पिकअप ट्रक, छोटा हाथी मालवालकों में यात्री वाहन बनाकर जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। यह लापरवाही स्वयं लोग और वाहन चालकों की है। ऐसा लगता है मानो जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की ओर से मालवाहकों को छूट मिली हुई है, इसके चलते ही तो वह अपने मालवाहकों को यात्री वाहन के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। पुलिस यदि ज्यादा ही रोके टोके तो कुछ चालान भर दें। इसके बाद वह फिर से नियम तोड़कर फर्राटा भर सकते हैं, लेकिन जब हादसा होता है तो पुलिस प्रशासन पर ही उंगली उठती है बावजूद सिस्टम ऐसा ही चल रहा है।

# रूसे जोन बोड़तरा-मोहगांव क्षेत्र में लाल बहादुर ने किया कांग्रेस का प्रचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

राजनांदगांव लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के पक्ष में चुनाव प्रचार प्रसार के लिए पंडरिया विधानसभा की रूसे मोहगांव-बोड़तरा सेक्टर प्रभारी लाल बहादुर चंद्रवंशी द्वारा घर-घर जाकर डोर-टू-डोर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिसमें कोलेगांव, भगतपुर, धनेली, पिपरमाटी, रूसे, कांपा, कंझेटा, मोहतरा, कारीमाटी व सीतापार में घर-घर जाकर भूपेश बघेल के पक्ष में प्रचार-प्रसार कर पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल की पांच वर्षो कार्यकाल की योजनाओं को बताते हुए मतदाताओं से जनसंपर्क किया जा रहा है। वहीं भूपेश बघेल को भारी मतों से विजयी बनाने महिलाओं व पुरुषों से अपील कि गई साथ-साथ कांग्रेस की सरकार आने पर महिलाओं को सालाना 1 लाख न्याय महालक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को दिया जाएगा। प्रभारी लाल बहादुर चंद्रवंशी, कुण्डा ब्लॉक अध्यक्ष उत्तर दिवाकर, राजेश चंद्रवंशी, बलदाऊ साहू, मोचन चंद्रवंशी, दिनेश पांडेय, लाला चंद्रवंशी, बद्री खाडे, रोमी पाल सहित डोर-टू-डोर प्रचार-प्रसार गांव-गांव जाकर आशीर्वाद मांग रहे। तथा भूपेश बघेल के पक्ष में ग्रामीण क्षेत्रों में जोर शोर से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। वहीं श्री चंद्रवंशी द्वारा कार्यकर्ताओं के साथ भेट-मुलाकात एवं चुनाव प्रसार-प्रचार के बारे में चर्चाकर कार्यकर्ताओं को चार्ज करने का किया जा रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर भूपेश बघेल के पक्ष में वोट देने कि अपील की गई।

# मोदी का लक्ष्य विकसित भारत बनाना है, इस संकल्प को पूरा करने के लिए भाजपा को चुनेंः विधायक

■ कांग्रेस के कुशासन को दोबारा नहीं देखना चाहती छत्तीसगढ़ की जनता, लोकसभा चुनाव में भाजपा सभी 11 सीटों पर करेगी जीत दर्जः भावना बोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा अपने निर्वाचन क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क कर जनता के बीच पहुंच रही है और मोदी की गारंटी और छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार की उपलब्धियों से उन्हें अवगत कर भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय के पक्ष में चुनाव प्रसार प्रचार कर रही है। इस दौरान उन्होंने शुक्रवार को दुल्लापुर मंडल में जनसंपर्क कर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आगामी विषयों पर चर्चा की तत्पश्चात ग्राम छीरपानी, अमरपुर, उदका एवं लालपुर में चुनाव प्रसार प्रचार किया।

इस दौरन उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से भी चर्चा की और 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को अधिक से अधिक मतदान करने कि अपील की गई। इस अवसर पर श्रीमती भावना बोहरा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लेकर देशहित व जनसेवा के अनवरत कार्य कर रहें हैं, उनके इन कार्यों के प्रति जनता, छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों में प्रचंड जीत के साथ देशभर में अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को पूरा करेगी।

पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस के कुशासन में प्रदेश की जनता ने दमनकारी नीतियों, भ्रष्टाचार, घोटाले और अव्यवस्थाओं को देखा है। जनता कांग्रेस का असली चेहरा पहचान चुकी है, इसलिए लोकसभा चुनाव में तीसरी बार मोदी सरकार के साथ ही डबल इंजन की भाजपा सरकार बनाने का संकल्प कर चुकी है। पंडरिया विधानसभा में भी जनता के अपार समर्थन से हम राजनांदगांव लोकसभा में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे। भाजपा हमेशा ही विकास और राष्ट्रहित के विषय को लेकर चुनाव लड़ती है, क्योंकि हमारे लिए राष्ट्र सबसे पहले है।

10 वर्षों में मोदी के नेतृत्व में हमारे देश ने शिक्षा से अनुसंधान, इंफ्रास्ट्रक्चर से सुरक्षा, अन्तरिक्ष से सैन्य शक्ति और विकास से सुशासन के पथ पर जो उपलब्धियां अर्जित की हैं उससे पूरे विश्व में भारत की शाख मजबूत हुई है। विदित हो कि गुरुवार को भी उन्होंने ग्राम सोढा, अंधियारखोर, प्रतापपुर, खैरवारकला, कुण्डा एवं बेलमुडा में जनसंपर्क किया तथा कुण्डा में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ आयोजित जनसभा को संबोधित किया। भावना बोहरा द्वारा लगातार अपने विधानसभा में सक्रियता से जनता के बीच जाकर उनसे संवादकर रही है साथ ही उनकी समस्याओं का भी निराकरण कर रही है।



**मोदी की गारंटी केवल चुनावी घोषणाएं नहीं बल्कि जनता के हित अधिकार, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण का रोड मैप**

श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि जी-20 की अगुवाई हो या श्रीराम मंदिर का निर्माण, धारा 370 हटाने के साथ ही नारी शक्ति वंदन अधिनियम, चंद्रयान मिशन की सफलता हो या हमारे सैन्य व सुरक्षाबलों को सशक्त बनाना मोदी सरकार ने लगातार बड़े और ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए भारत को सशक्त बनाने का काम किया है। छत्तीसगढ़ में भी डबल इंजन की हमारी भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भी महज 100 दिनों के भीतर अपने प्रमुख घोषणाओं को पूरा करके यह दिखाया है कि भाजपा जो कहती है वह करती है। मोदी की गारंटी केवल चुनावी घोषणाएं नहीं बल्कि जनता के हित, अधिकार, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण का रोड मैप होता है जो उनके साथ-साथ प्रदेश की समृद्धि को भी आगे ले जाता है। आज प्रदेश की महिलाओं को प्रति माह 1 हजार रुपए की आर्थिक सहयता मिल रही है, किसानों के दो वर्ष का बकाया बोनस उन्हें दिया गया, 31 हजार रुपए में धान की खरीदी की गई, कांग्रेस द्वारा रोके गए 18 लाख परिवारों के आवास को हमारी सरकार ने स्वीकृति दी। इन सभी कार्यों और भाजपा की विकास नीतियों से जनता के जीवन में जो सकारात्मक परिवर्तन आया है उससे एक बार फिर से जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएंगी।

# भाजयुमो कुण्डा मंडल की परिचर्चा बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल कुण्डा का विशेष बैठक आयोजित किया गया, जिसमें लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा व परिचर्चा आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रुप से प्रदेश मंत्री भाजयुमो पियुष सिंह ठाकुर, जिला अध्यक्ष भाजयुमो मनीराम साहू, मंडल प्रभारी तुकेश चंद्रवंशी, मंडल अध्यक्ष मनहरण साहू सहित बड़ी संख्या में भाजयुमों मंडल के कार्यकर्ता व ग्रामीण जन उपस्थित थें। प्रदेश मंत्री भाजयुमो पियुष सिंह ठाकुर ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजयुमो व भाजपा के ऋृण हड्डी है। हम सभी युवाओं को तन-मन-धन से इस लोकसभा चुनाव में कड़ी मेहनत करना है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फिर से तीसरे बार देश कि प्रधानमंत्री बनाना है तथा 400 पार फिर से मोदी सरकार के लक्ष्य को पुरा करना है। और राजनादगांव लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय को 26 अप्रैल को होने वाले मतदान में कमल छाप में बटन दबाकर भारी मतों से विजय बनाने प्रत्येक बूथों में जन-सम्पर्क कर अपील करने संकल्प लिया। वहीं प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्ष में अनेक जन-कल्याणकारी योजनाओं जिससे प्रत्येक व्यक्ति लाभांवित है। सबसे ऐंतिहासिक कार्य श्रीराम मंदिर का निर्माण, धारा 370 का हटना, 3 तलाक जैसे अनेक देश हित में कार्य हुआ है, हर व्यक्ति श्री मोदी के गारंटी पर विश्वास करते हैं। विधानसभा चुनाव में मोदी के गारंटी पर जनता ने विश्वास किया। जैसे हि छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सरकार बना सबसे पहले 18 लाख आवास को पास किया, किसानों के खाते में अंतर कि राशि को एक मुश्त खाते पर डाला, दो वर्ष कि बकाया बोनस दिया, महतारी वंदन योजना अतर्गत प्रत्येक महिलाओं के खाते में प्रति माह के दर से 1 हजार रूपए खाते में डालना शुरू किया। भाजपा सरकार जो कहता है व करता है, जनता में काफी उत्साह है जो जगह-जगह देखने को मिल रहा है। चारों और से एक हि आवाज आ रहा है 400 पार फिर से मोदी सरकार। इस अवसर पर मनहरण साहू, परषोत्तम निर्मलकर, कपील चंद्राकर, राजकुमार कश्यप, रमन खनूजा, गणेश सोलंकी, रवि चंद्रवंशी, फिरतु, राजू श्रीवास, शाशंक शर्मा, हनुमान दास वैष्णव, अश्वनी यदु, संजय चंद्रवंशी, जितेन्द्र रजक, बैजनाथ निर्मलकर, शेखर चद्रवंशी, कोमल साहू, लवकुश साहू, दिपक चंद्राकर सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

## भारत गौरव यात्रा पहुंची कवर्धा, विद्यार्थी ने किया स्वागत



**हरिभूमि कवर्धा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रांत नेतृत्व के मार्गदर्शन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा लोकतंत्र के महापर्व के आगाज के बाद लगातार अनेकों जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक करतें हुएं शत-प्रतिशत मतदान की दिशा में गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम दशरगपुर स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चनाकर भारत गौरव यात्रा का शुभारंभ किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभाविप जिला कबीरधाम द्वारा भारत गौरव यात्रा निकाली जा रही है। जिसमें आम जनमानस को एक वोट की ताक़त बताने एवं एक वोट से राष्ट्र का विकास कैसे संभव होता है। इसकी सम्पूर्ण जानकारी दिया जा रहा है। अभाविप के प्रदेश सहमंत्री तुषार चन्द्रवंशी ने बताया कि जिले में यह यात्रा पहली बार निकल रहीं हैं। जिसका मुख्य उद्देश्य लोकसभा चुनाव में ज़िले के मतदाताओं को बंपर वोटिंग के लिए प्रेरित किया जाएगा। भारत की संस्कृति सभ्यता गौरव को अक्षुण रखने वाले उन सभी क्रांतिकारी के बैनर पोस्टर के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए भारत गौरव यात्रा का बड़ा ही महत्वपूर्ण योगदान करने वाला है। यह यात्रा ज़िले के सुंदूर वनांचल से लेकर मैदानी शहरी क्षेत्रों में भ्रमण करेंगी। भारत गौरव यात्रा युवाओं में भारत भक्ति के साथ-साथ आगामी लोकसभा चुनाव में अपने रहवासी क्षेत्र में विकलांग एवं आसक्त जनों को मतदान केंद्र तक पहुंचाने के लिए युवाओं को प्रेरित करने का काम करतें जाएगी।

### ग्रामीणों ने सैकड़ों मोटर सायकल रैली के साथ श्रीफल तथा पुष्प माला से किया स्वागत

# गुरु घासीदास के बताएं रास्ता में चलकर संगठित रहकर हर समस्या का समाधान कर सकते हैंः गुरु खुशवंत साहेब



हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

अमरपुरी धाम मेला विगत 4 वर्ष से ग्राम तेन्दुवाडिह के सेम्हरखार मैकल पर्वत के किनारे में सतनामी समाज द्वारा आयोजन किया जाता है। इस मेला में सतनामी समाज के धर्म गुरु दीदी प्रियंका लगातार विगत दो साल से आई है और इस मेला स्थल के सर्वांगीण विकास के लिए मार्ग दर्शन की है उनके मार्गदर्शन में मेला आयोजन समिति अमरपुरीधाम जन-कल्याण सेवा समिति का निर्माण हुआ, जिनके द्वारा लगातार अमरपुरी धाम में दिव्य भव्यता प्रदान किया जा रहा है।

उसी कड़ी में इस वर्ष भी 18 अप्रैल को गुरु वसंज राजगुरु धर्म सम्राट बालदास साहेब के पुत्र गुरु खुशवंत साहेब आरंग विधानसभा विधायक के मुख्य आतिथ्य में मेला शानदार आयोजन किया गया। गुरु खुशवंत साहेब विधायक आरंग का प्रथम बार आगमन अमरपुरी धाम में मेला आयोजन समिति संयोजक विजय धृतलहरे, संरक्षक जिला सतनामी समाज के अगुवाई में गुरु खुशवंत साहेब का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। वहीं सैकड़ों मोटर सायकल रैली के साथ नवागांव, हटहा, रेहुटा खुर्द, घोघरा पारा, गांधी चौक पंडरिया, समरुपारा, सतीषनगर में गुरु खुशवंत साहेब का आरती व श्रीफल तथा पुष्प माला से स्वागत किया।

तत्पश्चात मेला स्थल में पहुंचकर जैतखाम में पालों चढ़ाकर आशीर्वचन के लिए सभा आयोजन किया गया। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रामकुमार भट्ट ने कहा मेला स्थल का सर्वांगीण विकास के लिए सभी जरुरत की पूर्ती की जाएगी। इसी कड़ी में पिछले मेला में उनके द्वारा दो लाख रुपए मंच के लिए घोषणा कर तुरंत राशि जारी किया था पर अब तक कार्य नहीं होना गलत बताया और सड़क निर्माण मनरेगा योजना से कराना मुश्किल है विरान के कारण तो किसी योजना से ही सडक निर्माण कार्य किया जा सकता है जिसके लिए प्रयास किया जाएगा साथ ही साथ पानी, बिजली व अन्य सुविधाओं से मेला स्थल का विकास होना आवश्यक बताया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी सहित ग्रामीण जन उपस्थित थें।

ज्योतिषी
बना बनाया काम बिगड़ना, ऊपरी हवा, पति पर स्त्री के वस में होना, शराब छुड़ने की गारंटी, वशीकरण मोहनी की गारंटी के साथ घरेलू समस्या, बच्चों का मन पढ़ाई में न लगना, शादी विवाह में अड़चन, प्रेम विवाह, सभी समस्या का निवारण, तंत्र-मंत्र वैदिक पद्धिति के द्वारा स्थायी हल।
पता- दीपक महाराज
रायपुर नाका, घोठिया रोड ज्योति विद्या मंदिर हाईस्कूल के पीछे कवर्धा
Mo. 9300415345

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

चूक: मौके पर न सुरक्षा कर्मी थे और न वाहन की कोई व्यवस्था, मोटर सायकल का किया सफर

# डिप्टी सीएम विजय शर्मा की सुरक्षा में चूक, गलत स्थान पर लैंडिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

हाल ही में कवर्धा में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुरक्षा व्यवस्था में चूक के बाद अब एक बार फिर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा की सुरक्षा में गंभीर चूक देखने को मिली है। जानकारी के मुताबिक गृहमंत्री का चौपर हैलीकाप्टर लैंडिंग के दौरान रास्ता भटक गया और निर्धारित स्थान से विपरीत दूसरे स्थान पर लैंड हो गया। दरअसल शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा अपने गृह जिले कवर्धा के दौरे पर थे।

उनका चौपर हेलीकाप्टर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत स्थल न्यू पुलिस लाइन के हैलीपेट में उतरना था। जहां प्रशासन ने वाहन आदि के साथ गृहमंत्री विजय शर्मा के लिए सुरक्षाकर्मी भी तैनात किए थे, लेकिन न्यू पुलिस लाइन के हैलीपेड के बजाय उनका चौपर हेलीकाप्टर पीजी कालेज मैदान के हैलीपेड के ऊपर मंडराने लगा। हालांकि सूनसान हैलीपेड को देखकर तथा स्थिति परिस्थिति को भांप कर गृहमंत्री ने सुनिश्चित किया कि क्या उन्हें वापस न्यू पुलिस लाईन हैलीपेड जाना पड़ेगा लेकिन बाद में उन्होने पायलट से कहा कि अगर यहां भी लैंडिंग में कोई दिक्कत नहीं है तो यहीं लैंडिग करा दो। जिसके बाद पीजी कालेज में ही गृहमंत्री का चौपर लैंडिंग करा दिया गया। बताया जाता है कि गृह मंत्री की लैंडिग के दौरान पीजी कालेज में एक भी पुलिसकर्मी तैनात नहीं था और न ही वाहन की कोई व्यवस्था थी। जिसके बाद उप मुख्यमंत्री ने वहीं पास में खड़े एक युवक से बाइक में लिफ्ट ली और फिर सांसद प्रत्याशी संतोष पांडेय के निवास पहुंचे। हालांकि बाद में पत्रकारों से बातचीत में उप मुख्यमंत्री ने सुरक्षा की चूक से इंकार किया है। उन्होंने कहा कि गलतफेमी की स्थिति से ऐसी परिस्थिति निर्मित हुई। कवर्धा उनका घर है, इसलिए उन्हें कहीं भी उतार दिया जाए, वो हर जगह पर सुरक्षित हैं। वहीं पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में उन्होने यह भी कहा कि वे एक आम इंसान है और आम इंसान की तरह मोटर सायकल से सांसद संतोष पाण्डेय के घर तक सफर शानदार रहा।



### अधिकारियों पर जताई नाराजगी

भले ही विजय शर्मा इसे गलतफेमी की स्थिति बताकर सुरक्षा में चूक से इंकार कर रहे हैं लेकिन अंदर खाने से मिली जानकारी के मुताबिक प्रशासन द्वारा कवर्धा में पूर्व में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और अब उनकी सुरक्षा में हुई इस तरह की चूक को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों पर जमकर नाराजगी जताई है।

### मोटर सायकल से आना पड़ा

सुरक्षा में चूक के इस मामले में डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि यह सूरक्षा में चूक नहीं है बल्कि गलतफेमी के कारण हेलीकाप्टर दूसरे हेलीपेड में लैंड हो गया। उन्होने कहा कि कवर्धा उनका गृह नगर है और यहां वे किसी प्रकार की कोई असुरक्षा महसूस नहीं करते। उन्होने मोटर सायकल में आने की बात पर कहा कि वे भी एक आम आदमी है और हेलीपेड से सांसद संतोष पाण्डेय के घर तक मोटर सायकल में आने में उन्हें काफी अच्छा लगा। बाद में वे कबीरधाम जिले में आयोजित अपने निर्धारित कार्यक्रमों में शामिल हुए।

### पीजी कॉलेज में लैंडिग की नहीं दी गई थी अनुमति

हमने हेलीकाप्टर उतारने की अनुमति न्यू पुलिस लाइन में बने हेलीपेड में दी थी लेकिन कैसे पीजी कालेज मैदान के हैलीपेडं में हेलीकाप्टर उतरा ये जांच का विषय है। जैसी ही इसकी सूचना मिली पुलिस अधीक्षक ने तत्काल पुलिस सुरक्षा भेजी है और आगे के कार्यक्रमों में पूरी सुरक्षा व्यवस्था के साथ उपमुख्यमंत्री को पहुंचाया गया।

**जनमेजय मोहबे, कलेक्टर**

# फूड प्वॉइजनिंग के शिकार लोगों तक रातों रात पहुंची जिला चिकित्सालय की टीम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भीषण गर्मी के बीच शादी विवाह के इस सीजन में फूड प्वॉइजनिंग की भी शिकायतें सामने आ रही है। इसी कड़ी में जिले के ग्राम खड़ौदा खुर्द से फूड प्वॉइजनिंग की खबर सामने आई है। जहां वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने वाले करीब 20 लोग भोजन करने के बाद फूड प्वॉइजनिंग का शिकार हो गए और उन्हें उल्टी तथा पेट दर्द की शिकायत हो गई। जिनमें से कुछ को रात में जिला अस्पताल लाया गया था तो कुछ बाकियों का घर में ही स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ईलाज किया। जहां उपचार के बाद अब उनकी हालत ठीक बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 अप्रैल को ग्राम खड़ौदा खुर्द निवासी साहू परिवार में उनकी पुत्री का विवाह कार्यक्रम आयोजित किया था। बताया जाता है कि विवाह कार्यक्रम में शामिल होने वालों ने यहां भोजन किया था जिसके बाद रात 12.00 बजे के बाद अचानक इनके पेट में दर्द और उल्टी की शिकायत शुरू हो गई। जिसके बाद परिजनो ने इन सभी पीड़ितों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां जिला चिकित्सालय के प्रभारी आरएमओ डॉ. राकेश कुमार ने त्वरित पीड़ितों का ईलाज शुरू कर दिया। बड़ी संख्या में मरीजों के एक साथ अस्पताल पहुंचने पर अस्पताल प्रशासन ने कुशल प्रबंधन का परिचय दिया और सभी पीड़ितों का बेहतर ईलाज किया जिसके चलते कोई अनहोनी नहीं हुई और सभी स्वस्थ्य होकर घर भी लौट गए।

### घर में पहुंचकर किया गया पीड़ितों का इलाज

बताया जाता है कि भीषण गर्मी में फूड प्वॉइजनिंग के गंभीर खतरे को देखते हुए रैपिड रिस्पॉन्स हेतु पीएचसी राबेली के प्रभारी नितिन दुबे एवं गेमेश चौधरी के नेतृत्व में एक टीम रात में ही पीड़ित परिवार के घर भेजी गई और परिवार के अन्य सदस्यों की भी जांच कर उपचार किया गया। इस कार्य में चिकित्सा विभाग के नितिन दुबे, गेमेष चौधरी, दिलीप राठौर, दुर्गेश भास्कर, बीरेंद्र, ममता सिस्टर, संतोषी सिस्टर, संजय एवम प्रज्ञा ने अपना योदान दिया।

## खबर संक्षेप

### ज्योत ज्वांरा का किया गया विसर्जन

**चिल्फीघाटी।** चैत्र नवरात्रि पर नौ दिन तक मां आदिशक्ति मां जगदम्बा के नौ रूपों की पूजा आराधना की गई। रामनवमी पर शाम 7 बजे भव्य शोभा यात्रा निकाल कर पूरे ज्योत जंवारा को विसर्जन के लिए गांव भ्रमण कराया। शोभायात्रा में जस गायन करते हुए रात 8 बजे फेन नदी में जंवारा का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु शोभायात्रा में शामिल होकर माता को विदाई दी और अपने परिवार की सुख शांति के लिए दुआ मांगी।

### अलजेब्रा विषय की परीक्षा 3 मई को

**कवर्धा।** हेमचंद विवि ने बीएससी, बीएससी बीएड भाग एक-नवीन पाठ्यक्रम के प्रश्नपत्र गणित-द्वितीय-अलजेब्रा विषय के लिए संशोधित समय सारणी जारी कर दिया है। यह परीक्षा अब तीन मई शुक्रवार को सुबह 7 से 10 बजे तक आयोजित की जाएगी। पूर्व में यह परीक्षा 13 अप्रैल को रखी गई थी, जिसे स्थगित कर नई तारीख 3 मई तय की गई है।

### मतदाता जागरूकता अभियान जारी

**कवर्धा।** जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत युवा, महिला व सभी वर्ग के मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। ताकि देश में लोकतंत्र को मजबूत व सशक्त बनाया जा सके। मतदाताओं को भयमुक्त होकर मतदान करने का संदेश दिया जा रहा है। युवा विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता संदेश आधारित खूबसूरत रंगोली व पोस्टर बनाकर लोगों को जागरूक कर रहे।

# लोकसभा चुनाव में लगेंगे 300 वाहन और सभी होंगे जीपीएस से लैस

## बस सहित छोटे-बड़े सभी वाहनों के मुपमेंट की होगी मॉनिटरिंग



- मतदान दलों के लिए जिले में बनाए गए कुल 187 रूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारत निर्वाचन आयोग के अनुपालन में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन कार्य कराने के लिए मतदान दलों और सेक्टर मजिस्ट्रेट के लिए लगभग 300 वाहन की जरूरत पड़ रही है। राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत कबीरधाम जिले में लोकसभा निर्वाचन कार्य के लिए अधिग्रहित सभी शासकीय एवं निजी वाहनों की जीपीएस मशीन के माध्यम से कड़ी निगरानी रखी जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग के अनुपालन एवं कलेक्टर तथा जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के निर्देश पर अधिग्रहित सभी वाहनों में जीपीएस लगाई जा रही है। सभी वाहनों में जीपीएस लगाने के बाद परिवहन विभाग की सॉफटवेयर से लिंक की जाएगी। इस सॉफटवेयर और जीपीएस की मदद से मतदान दलों की कृषि उपज मंडी स्थित मतदान रवानी के स्थल से लेकर उन्हें मतदान केन्द्र पहुंच तक मॉनिटरिंग की जाएगी। लोकसभा निर्वाचन कार्य में लगे सभी 804 मतदान दलों के लिए मतगणना समाग्री स्थल एवं रवानगी स्थल कवर्धा स्थित नवीन कृषि उपज मंडी परिसर को मतदान दल रवानगी स्थल बनाया गया है। यहां से 25 अप्रैल को सुबह मतदान दलों को रवाना किया जाएगा। कबीरधाम जिले के 804 मतदान दलों को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन कार्य संपादित कराने के लिए उनके मतदान केन्द्रों तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए लगभग 300 वाहनों के अधिग्रहण की कार्यवाही पूरी कर ली गई है। 804 मतदान दलों के लिए 187 रूट चार्ट भी तैयार कर लिए गए है, जिसमें कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों के लिए 97 रूट और पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों को मतदान केन्द्र पहुंचाने के लिए 90 रूट चिन्हांकित कर सुगम, सुरक्षा की दृष्टि से तैयार कर लिया गया है। लोकसभा निर्वाचन 2024 का कार्य संपादित कराने के लिए लगभग तीन सौ वाहन की जरूरत पड़ सकती है। इस लिहाज से भारत निर्वाचन आयोग के अनुपालन में सभी वाहनों को अधिग्रहण कर लिया गया है। कबीरधाम जिले के अंतर्गत कवर्धा और पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन कार्य कराने के लिए 75 सेक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्त की गई है। जिसमें पंडरिया में 37 सेक्टर अधिकारी और कवर्धा में 38 सेक्टर अधिकारी है। इन सभी 75 सेक्टर अधिकारियों के लिए 85 छोटी वाहन को अधिग्रहण किया गया है। जिसमें 23 शासकीय वाहन और 62 निजी वाहन है। 10 वाहनों को रिजर्व रखा जाएगा। इन भी वाहनों में स्कर्पियां सूमो, बूलेरो, सहित अन्य छोटी वाहन शामिल है। इसी प्रकार मतदान दलों के लिए 215 बस को अधिग्रहण की कार्यवाही की जा चुकी है, जिसमें 20 बस को रिजर्व रखा जाएगा। सेक्टर सहित मतदान दलों के सभी वाहनों में लगेगी जीपीएस- कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री महोबे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जमेजय महोबे ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के अनुपालन में मतदान दलों और सेक्टर अधिकारियें के लिए अधिग्रहित सभी वाहनों मे जीपीएस लगाई जाएगी। जीपीएस लगाने के लिए परिवहन अधिकारी को नोडल बनाया गया है। सभी वाहनों में जीपीएस लगाने की कार्यवाही अंतिम चरणों में लगभग पूरी हो गई हैं। मतदान दल रवानगी से लेकर उनके मतदान केन्द्र पहुंच तक जीपीएस के माध्यम से मॉनिटरिंग की जा सकेंगी साथ ही अगर कोई वाहन खराब होने की वहज से रास्ते में रूक जाती है तो इसकी जानकारी भी मिल सकेगी, जिसमें लिए अलग रिजर्व वाहन भेजने में मदद मिलेगी।

# पति-पत्नी के विवाद में, पति ने खुद को लगाई आग

- जिला चिकित्सालय कवर्धा में प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर मेकाहारा रिफर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक ने अपने शरीर पर मिट्टी तेल डाल कर आग लगा। युवक को गंभीर हालत में पहले जिला चिकित्सालय और बाद में उसकी स्थिति को देखते हुए रायपुर रिफर किया गया। घटना कवर्धा कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम घोठिया की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घोठिया निवासी सालिक कौशिक का गुरूवार-शुक्रवार की दरमियानी रात अपनी पत्नी से घर पर ही किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी के बीच विवाद इतना गहराया कि पति ने घर में रखे मिट्टी तेल को अपने शरीर पर डालकर आग लगा ली। जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। घटना के बाद पत्नी ने मदद की गुहार लगाई और आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई तथा डॉयल 112 को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची डॉयल 112 की टीम ने आग में बुरी तरह झुलसे सालिक कौशिक को जिला अस्पताल में दाखिल कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे प्रारंभिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रायपुर मेकाहारा रिफर कर दिया। वहीं अभी तक इस मामले में पुलिसिया कार्यवाही की कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

# यात्रियों को बीच रास्ते में छोड़ने वाले बस संचालक के खिलाफ कार्रवाई

- ड्राइवर का ड्राइविंग लाइसेंस 1 माह के लिए निलंबन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर जिला परिवहन अधिकारी मोहन साहू ने बिलासपुर से कवर्धा मार्ग में कवर्धा के स्थान पर पांडातराई में यात्रियों को छोड़ दिए जाने की सूचना मिलते ही बस संचालक के खिलाफ चालानी कार्यवाही करते हुए नोटिस जारी किया है।

जिला परिवहन अधिकारी मोहन साहू ने बताया कि बिलासपुर से कवर्धा मार्ग में कवर्धा के स्थान पर पांडातराई में यात्रियों को छोड़ दिए जाने की सूचना मिलते ही कलेक्टर श्री महोबे के निर्देश पर परिवहन विभाग द्वारा तत्काल संज्ञान में लेते हुए धनी बस क्रमांक सीजी 09 एफ 0450 संचालक पवन कुमार बंजारे को नोटिस जारी करते हुए तेज गर्मी में यात्रियों को बीच रास्ते में छोड़ देने जैसे घोर लापरवाही करने जैसे परमिट शर्तो के उलंघन करने पर 5 हजार रुपए का मोटर यान अधिनियम का कार्यवाही किया गया।

साथ ही लापरवाही बरतने वाले ड्राइवर पंचूराम का ड्राइविंग लाइसेंस 1 माह के लिए निलंबन किया गया। इस तरह की लापरवाही और यात्रियों से दुर्व्यवहार न हो, इस संबंध में सभी बस संचालकों को पत्र प्रेषित किया गया है।

परमिट शर्तो के अनुरूप संचालन नही करने की स्थिति में मोटर यान अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी।

# गांव के नवमतदाताओं का भाजपा ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

लोकसभा चुनाव अब कुछ दिन ही रह गए हैं ऐसे में सभी दल अपनें-अपनें तरीके से मतदाताओं से मुलाकात कर अपने पार्टी का पक्ष रख प्रचार-प्रसार करते नजर आ रहे हैं। इसी कड़ी में राजनादगांव लोकसभा क्षेत्रांतर्गत कबीरधाम जिले की पंडरिया विधानसभा के ग्राम कुंडा मंडल के बीजेपी कार्यकर्ता ने 26 अप्रैल को दूसरे चरण में प्रथम बार मतदान करने जा रहे युवा मतदताओं का टिका लगाकर एवं श्रीफल भेंट कर देश हित में मतदान करने की अपील की। जानकारी के मुताबिक कुण्डा मंडल क्षेत्र के पंचधार गांव में शुक्रवार को मंडल अध्यक्ष मुकेश ठाकुर, शक्ति केंद्र दामापुर प्रभारी सुमन ढीमर, बूथ अध्यक्ष दामापुर नारायण साहू, उमेंद यदु, पुशू यदु, अश्वनी यदु की उपस्थिति में पहली बार मतदान कर रहे युवाओं का टिका लगाकर एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ भाजपा के पदाधिकारियों ने इन नवमतदाताओं से देश हित में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की।

स.लोहारा मण्डल के गांवों में भाजपा संतोष के पक्ष में किया धुंआधार जनसंपर्क

# भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में पूर्व सांसद अभिषक सिंह ने किया प्रचार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राजनांदगांव लोकसभा का चुनाव नजदीक आते आते अब कवर्धा जिले में भी नेताओं के दौरे बढ़ गए हैं। इस कड़ी में क्षेत्र के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने चिलचिलाती धूप में भी सहसपुर लोहारा मंडल के गांवों का धुंआधार दौरा करते हुए भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में अनेक सभाओं को संबोधित किया। जिला भाजपा उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा, जिला महामंत्री संतोष पटेल, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रघुराज सिंह सहित भाजपा पदाधिकारियों के साथ दौरे में सभाओं को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने जहां एक तरफ नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा दस वर्षों में किए गए जनकल्याणकारी कामों को गिनाया तो वहीं दूसरी ओर उन्होंने पिछले पांच वर्षों में भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की नाकामियों पर उन्हें घेरा। भूपेश बघेल की वादाखिलाफी की याद दिलाते हुए उन्होंने लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की।

### ए चुनाव मां कका ला निपटाना हेः अभिषेक सिंह

छत्तीसगढ़ी में भाषण देते हुए अभिषेक सिंह ने लोगों से आव्हान किया कि पिछले विधानसभा चुनाव में जितने मतों से यहां के विधायक मोहम्मद अकबर को हराया है, उससे अधिक मतों से भूपेश बघेल को हराकर वापस उनके घर भेजना है। ग्राम बांधाटोला, जरहा टोला, राम्हेपुर में संपर्क सभाओं के पहले श्री सिंह ने सहसपुर लोहारा में युवा मोर्चा की बैठक में पहुंचकर उन्हें रिचार्ज किया. उन्होंने युवा मोर्चा की टीम को घर घर जाकर पीएम मोदी और विष्णु देव साय की सरकारों की उपलब्धियों को पहुंचाने का लक्ष्य भी दिया। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के विभिन्न कार्यक्रमों में लोहारा मंडल अध्यक्ष संतोष मिश्रा, सोहन शिवोपासक, रामचरण साहू, जलेश्वर वर्मा, कृष्णा साहू, अशोक पटेल, चौकी पटेल, लाला साहू, हेमंत साहू, शिवचरण पटेल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## रघुनंदन पाठक सहित 141 भाजपा में शामिल



**पंडरिया।** भाजपा से निष्काशित पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा जिला रघुनन्दन पाठक तथा पूर्व मंडल अध्यक्ष ठाकुर जितेंद्र सिंह ने पूरे 11 साल बाद घर वापसी की है और अपने 141 समर्थकों के साथ पुनः भाजपा में शामिल हुए है। इन सभी की घर वापसी रायपुर स्थित कुशा भाऊ ठाकरे इंडोर स्टेडियम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक ठा. धरम जीत सिंह, संजय श्रीवास्तव प्रदेश महामंत्री, विशेश्वर सिंह पटेल पूर्व गौ सेवा आयोग अध्यक्ष, केदार गुप्ता प्रवक्ता की उपस्थिति में बकायदा एक सादे समारोह में कराई गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रघुनन्दन पाठक सहित अन्य सभी को भाजपा का गमछा बहनाकर उनका पार्टी में स्वागत किया और उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई। भाजपा में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से ठा. जितेंद्र सिंह, कौशल चंद्रवंशी सोढा, डॉ. सुरेश कुमार तिवारी, देव सिंह मरावी बदना, शिव चरण धुर्वे मंझोली, शंकर राव कांग्रेस पार्षद वार्ड क्रमांक 6, नगर पालिका पंडरिया, अमर राज सिंह राजमहल पंडरिया, जिला गुड़ संघ के जिला अध्यक्ष प्रयास पाठक, वरिष्ठ पत्रकार रविनंदन पांडेय कोदवागोडान, प्रशांत अशोक तिवारी दुल्लापुर, रवि सिंह ठाकुर ,कापा, प्रशांत सिंह कांग्रेस नेता पंडरिया कुंदन पटेल लोहरा, कृष्णा यादव कौवानार, रज्जू मीरे, समारूपारा, धनराज धन्नू चंद्राकार आदि शामिल है। इन सभी ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन 400 पार को पूरा करने के संकल्प में सहभागी बनने भाजपा के राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय को जीताने के लक्ष्य के साथ क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा के अगुवाई में प्रदेश भाजपा कार्यालय रायपुर में भाजपा प्रवेश किया।